अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 251 लखनऊ, मंगलवार, 31 मार्च 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

कोलकाता। भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी कर दी, जिसके साथ ही राज्य में चुनाव प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के बाद उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में शेष 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना दो अप्रैल को जारी की जाएगी।

### लोकसभा से दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 पारित

नई दिल्ली। लोकसभा ने सोमवार को ध्वनि मत से हितधारकों के बीच व्याख्या संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए लाया गया दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य दिवाला और दिवालियापन संहिता-2016 में और संशोधन करना है। लोकसभा ने आज ध्वनि मत से 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक-2025' पारित कर दिया। यह विधेयक शुरू में एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। इसे इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 में और संशोधन करने के लिए पेश किया गया है, ताकि कंपनियों और व्यक्तियों के बीच प्रक्रियागत देरी और व्याख्या संबंधी मुद्दों का समाधान किया जा सके।

### ओबीसी आरक्षण के कथित दुरुपयोग पर राज्यसभा से विपक्ष का बहिर्गमन

नई दिल्ली। विपक्षी दलों ने धर्म के आधार पर पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के दुरुपयोग को लेकर सोमवार को राज्यसभा में उठे सवाल पर हंगामा कर सदन से बहिर्गमन किया। सदन में शून्यकाल के दौरान भाजपा सदस्य के. लक्ष्मण ने धर्म के आधार पर ओबीसी आरक्षण के कथित दुरुपयोग पर मुद्दा उठाया। उन्होंने कुछ राज्यों में मुस्लिम समुदाय को मिल रहे आरक्षण की समीक्षा की मांग की । उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण धर्म के बजाय सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर होना चाहिए, न कि धर्म के आधार पर। के. लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण का गलत तरीके से लाभ दिया जा रहा है, जो असंवैधानिक है।

# न पर्ची-न खर्ची, सीधी भर्ती : योगी

## आंगनवाड़ी अब बनेंगी डिजिटल सेवा केंद्र, रीयल टाइम डाटा से सुधरेगी प्रदेश की रैंकिंग : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को प्रदान किए 69,804 स्मार्टफोन
- सीएम ने 18,440 कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र भी किए वितरित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश की आंगनवाड़ी व्यवस्था को डिजिटल, सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। इस अवसर पर उन्होंने 69,804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, 18,440 कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की व्यवस्थाओं पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा, पहले प्रदेश में पोषाहार वितरण पर शराब माफिया का नियंत्रण था। कुपोषित बच्चों व माताओं के हक पर डकैती डाली जाती थी। वर्तमान सरकार ने इस माफिया तंत्र को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत अब आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को बिना सिफारिश नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं, साथ ही स्मार्टफोन और आधुनिक ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण उपलब्ध कराकर पोषण एवं बाल विकास कार्यक्रमों को डिजिटल और प्रभावी बनाया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के पास स्मार्टफोन न होने से उनके काम का रियल टाइम डाटा नहीं मिल पाता था। डाटा अपलोड ना होने की वजह से हमारी रैंकिंग कम रहती है। लखनऊ की तरह स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम सभी जनपदों में होना है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका और बड़ी होने वाली है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 3 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए भी आंगनवाड़ी केंद्र में ही प्री-प्राइमरी स्कूल का संचालन होना है।

आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में बेसिक शिक्षा के तहत चलने वाले 27,000 केंद्र भी आंगनवाड़ी को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। एक बच्चे को छह वर्ष की उम्र तक विकसित करने में आंगनवाड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री व सहायिका को यशोदा मैया की उपाधि दी है। यशोदा मैया ने जिस भूमिका का निर्वहन कृष्ण कन्हैया के लिए किया था, वही भूमिका आज के परिप्रेक्ष्य में आपकी है। यह अपने आप में बहुत बड़ा सम्मान है। उस सम्मान की गरिमा की रक्षा करना, उसके अनुरूप देश के भविष्य को गढ़ना, उसको तराशना, आगे बढ़ाना, उसकी नींव को मजबूत करना यह महती जिम्मेदारी आपके ऊपर है।

सीएम ने कहा कि अगर नवजात सुपोषित और मां स्वस्थ है, तो भारत का भविष्य सशक्त है। इसी के लिए पिछले 9 वर्ष में डबल इंजन सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इन तमाम प्रयासों में और बीमारी या कुपोषण रूपी दुश्मन से लड़ाई में आप सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं सारथी की भूमिका में रही हैं।

### 450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि 137 करोड़ की लागत से आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण होना है। बाल विकास परियोजना के कार्यालय भवनों का शिलान्यास भी किया गया है। 313 करोड़ की लागत से प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों और बाल विकास कार्यालयों का निर्माण हो चुका है, उसका भी आज एक साथ यहीं से उद्घाटन संपन्न हुआ है। यह अभियान सुपोषित-साक्षर-सशक्त भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## प्रधानमंत्री ने किया असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद

# विकास और घुसपैठ प्रमुख चुनावी मुद्दे



एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से नमो ऐप के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा-एनडीए की हैट्रिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं से कड़ी मेहनत करने की अपील की। उन्होंने विपक्षी दलों पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा असम की अस्मिता, सुरक्षा और संस्कृति से सीधे जुड़ा हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को नमो ऐप के जरिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी दायित्व सौंपती है, उसे निभाने के लिए वे पूरी ताकत लगाते हैं। असम में भाजपा-एनडीए की हैट्रिक लगे, इसके लिए राज्य के पार्टी कार्यकर्ता जबरदस्त मेहनत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बोहाग बिहू और अन्य त्योहारों की तैयारियों के बीच चुनावी अभियान चलाने वाले कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि असम ने लंबे समय तक अस्थिरता, हिंसा और उग्रवाद का दौर देखा था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने शांति, विकास और सुरक्षा का नया दौर शुरू किया है। पिछले 10 वर्षों में 12 बड़े शांति समझौते हुए हैं जो असम की नई तस्वीर बनाते हैं।

संवाद के दौरान विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। सुनितपुर जिले के पंकज हजारी ने कहा कि साल 2016 से पहले असम में अराजकता और उग्रवाद चरम पर था, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद किसानों, व्यवसायियों और शिक्षकों के जीवन में अमूल्य परिवर्तन आया है।

इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 18-22 साल के युवा मतदाता केवल पिछले 10 साल की शांति को जानते हैं, इसलिए बूथ कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि उन्हें पुराने दिनों की हिंसा और कंग्रेस की नीतियों की याद दिलाएं। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर भजन संध्या, विरासत उत्सव और योजनाओं पर चर्चा के कार्यक्रम आयोजित करें ताकि नई पीढ़ी पुरानी गलतियों को दोहराने से बचे।

तामलपुर जिले के धनेश्वर ने बोडोलैंड समझौते के बाद आए बदलाव को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्यकर्ता होने के साथ साथ वे व्यवसायी भी हैं। और राज्य के लोगों को पुरानी सरकार की कुरीतियों के बारे में बताते भी हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बोडोलैंड आज पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बन गया है, जहां पहले कर्फ्यू और धमाके होते थे, आज शांति और सांस्कृतिक धुनें गूंज रही हैं। उन्होंने कहा कि बंदूक छोड़कर कलम थामने वाले पूर्व उग्रवादियों और उनकी माताओं के अनुभव साझा करने के कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित करें। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों की सूची बनाएं और उन्हें टोली बनाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

नौगांव जिले की दीपी दास ने कहा कि वह पिछले 9 साल से भाजपा के साथ लोगों की सेवा के लिए जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) का लाभ मिला था। उसी धनराशि से उन्होंने जमीन लेकर तालाब बनवाया और मछली पालन शुरू किया। वह बच्चों को पढ़ाती भी हैं। वह भाजपा के साथ जुड़ी हुई हैं और लोगों को सरकार की तरफ से जागरुक भी कर रही हैं। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति को नए असम की सबसे बड़ी ताकत बताया और अरुणोदय योजना, लखपति दीदी अभियान जैसी योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देशभर में तीन करोड़ और असम में हजारों बहनों को लखपति बनाने का लक्ष्य है।

# 'शासन में एआई की भूमिका समस्याएँ एवं सम्भावनाएं' पर कार्यशाला का उद्घाटन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कानपुर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, (नई दिल्ली), कानपुर ब्रांच एवं ब्रह्मानन्द कॉलेज, मॉल रोड, कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में ''Role of Artificial Intelligence in Governance: Problems and Prospects'' (शासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका समस्याएँ एवं सम्भावनाएँ) विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो0 अरविन्द कुमार दीक्षित पूर्व कुलपति डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, ब्रह्मानन्द कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 विवेक द्विवेदी, आई0आई0पी0ए0, कानपुर के सचिव डॉ0 जी0एल0 श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

उद्घाटन के उपरान्त भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, कानपुर ब्रांच के सचिव डॉ0 जी0एल0 श्रीवास्तव ने संगोष्ठी में आए हुए सभी मंचाशीन अतिथियों, विद्वतजनों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधुनिक शासन व्यवस्था को अधिक दक्ष, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बनकर आज सामने आया है।

ए0आई0 यह बड़े डेटा के विश्लेषण, स्वचालन और निर्णय समर्थन के माध्यम से सरकारों, प्रशासनिक अधिकारियों को बेहतर नीतियों बनाने और जनता को अच्छी सेवाएँ प्रदान करने में सहायता करती है। प्रमुख रूप से इसका बेहतर उपयोग, नीति निर्माण, सार्वजनिक सेवा प्रणाली, प्रशासनिक दक्षता, भ्रष्टाचार निवारण, आपदा प्रबन्धन एवं सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में किया जा सकता है। परन्तु इससे सम्बन्धित कुछ समस्याएँ भी हैं जैसेः- आँकड़ों की गोपनीयता, पक्षपात होने, जवाबदेही की कमी, रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव, उच्च लागत एवं अवसंरचना की कमी आदि है।

यदि सही नीतियों, नैतिक मानकों के साथ साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उपयोग में लाया जाय तो यह भविष्य में सुशासन (Good Governance) का एक शक्तिशाली उपकरण बन सकता है। चैट जी0पी0टी0 का उपयोग प्रत्येक क्षेत्र में अधिकांश लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से आज की संगोष्ठी का विषय 'शासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिकाः समस्याएँ एवं सम्भावनाएँ रखा गया है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के क्रियाकलाप तथा उद्देश्यों के सम्बन्ध में सभागार में उपस्थित सभी लोगों को सचिव डॉ0 जी0एल0 श्रीवास्तव द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। विशिष्ट अतिथि पी0पी0एन0 कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 अनूप कुमार सिंह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सम्भावनाओं पर बहुत सरल ढंग से अपनी बात रखी।

मुख्य अतिथि प्रो0 अरविन्द कुमार दीक्षित पूर्व कुलपति, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग सोच समझकर तथा नैतिकता के साथ ही किया जाना चाहिए। कार्यशाला में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के डॉ0 अमन दीप सिंह ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर विस्तृत चर्चा की। कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की फैकल्टी डॉ0 अंशु सिंह ने अपने विचार रखे तथा उसके उपयोग में आने वाली समस्याएँ एवं सम्भावनओं पर चर्चा की।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वी0एस0एस0डी0 कॉलेज के विधि विभाग के प्रो0 ए0बी0 जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। आई0आई0पी0ए0 कानपुर ब्रांच के वाइस चेयरमैन सी0ए0 विनय जैन ने अपना सारगामित शोधपत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्रह्मानन्द कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 विवेक द्विवेदी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग है। जिसका उपयोग प्रशासनिक कार्यों में लगभग सभी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला के सहसंयोजक ब्रह्मानन्द कॉलेज, कानपुर के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 वी0एस0 त्रिपाठी ने कार्यशाला में आए हुए सभी अतिथियों प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यशाला का संचालन निधि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो0 आर0के0 त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष प्रो0 राजेश कुमार तिवारी, डॉ0 विभा दीक्षित, डॉ0 प्रभा गुप्ता, डॉ0 कपिल बाजपेयी एवं ब्रह्मानन्द कॉलेज के प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रो0 नवनीत सिंह, प्रो0 सुनील सिंह, प्रो0 अनोखे लाल पाठक, प्रो0 रीता अवस्थी, प्रो0 वाई0ए0 रूमी, डॉ0 ओमेन्द्र सिंह, डॉ0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 अमित कुमार, शम्भू कुमार, गौरव कुमार, प्रतिष्ठा सक्सेना एवं श्री शिवम सिंह यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

# अपनी पसंद से शादी करना किसी अन्य के सम्मान का मुद्दा नहीं

## वयस्कों की सुरक्षा करना राज्य का कर्तव्य : हाईकोर्ट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा कि कोई भी व्यक्ति बालिगों द्वारा अपनी पसंद से की गई शादी को सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में राज्य का दायित्व है कि वह दम्पति के जीवन, स्वतंत्रता और सम्पत्ति की रक्षा करे, भले ही खतरा उनके अपने परिवार से ही क्यों न हो।

जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने यह टिप्पणी याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें अलीगढ़ के एक दम्पति ने अपनी सुरक्षा की मांग की है। दोनों ने अपनी मर्जी से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था और उनके पास वैध विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र भी था।

याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि महिला के परिवार वाले इस शादी के खिलाफ हैं और उन्होंने झूठा आपराधिक मामला दर्ज करा दिया। दम्पति ने संयुक्त हलफनामा दाखिल कर यह भी आशंका जताई कि उन्हें ह्लऑनर किलिंगङ्क का खतरा है। अदालत ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए कहा, ह्लकिसी बालिग के निजी निर्णय को सम्मान का मुद्दा नहीं बनाया जा सकता।

# 'मानव बन जाए जग सारा, यह पावन संकल्प हमारा'

- हिंदी साहित्य भारती (पंजीकृत न्यास) के निर्णायक मंडल कोर समिति की एक दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





झाँसी। भारतीय जीवन मूल्यों की पुर्नप्रतिष्ठापना और विश्वबंधुत्व की उदात्त भावना के प्रसार के लिए, ''मानव बन जाए जग सारा, यह पावन संकल्प हमारा'' की मूल भावना के साथ वर्ष 2020 से कार्यरत अंतरराष्ट्रीय संस्था, हिंदी साहित्य भारती (पंजीकृत न्यास) के निर्णायक मंडल कोर समिति की एक दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय होटल द मारवलस के सभागार में आज संपन्न हुई।

बैठक में देश-विदेश से आए संस्था के संस्थापना से जुड़े वरिष्ठतम पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय निर्णायक समिति के सदस्य के रूप में अपनी सहभागिता दर्ज करायी। चार विभिन्न सत्रों में संपन्न बैठक में संस्था के संगठन विस्तार, प्रभावी सदस्यता अभियान चलाए जाने, विविध प्रकोष्ठों के गठन, वार्षिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन, निधि संग्रह अभियान, प्रवास कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किए जाने के साथ ही संस्था की आर्थिक व्यवस्था, सभी प्रदेश इकाईयों के बैंक खाता खोले जाने, संस्था के विभिन्न संचालित आयामों को और रोचक तथा प्रभावी बनाए जाने सम्बंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई। संस्था के आगामी 16, 17 व 18 मई 2026 को शिर्डी महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले पाँचवे अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन की सफलता हेतु महाराष्ट्र आयोजन इकाई के साथ समन्वय किए जाने हेतु एक सात सदस्यीय समिति को दायित्व सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि देश के सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ ही 37 देशों में अपने संगठनात्मक ढाँचे के साथ काम कर रही हिंदी साहित्य भारती के शिष्टमंडल द्वारा बीते दिनों फिजी तथा नेपाल में की गई सांस्कृतिक संवर्धन यात्रा की सफलता के बाद आगामी 10 जून से एक सप्ताह की मॉरीशस देश की यात्रा प्रस्तावित है, जिसमें संस्था के देश-विदेश के तीस सदस्यों के द्वारा सहभागिता की जानी है।

आयोजित बैठक का शुभारम्भ भारत माता, माता सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण के उपरांत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना तथा संस्था के ध्येय-गीत के गायन के साथ किया गया। निर्णायक समिति की बैठक संस्था के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ज्ञातव्य हो, डॉक्टर शुक्ल उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री रह चुके हैं। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक लक्ष्मीनारायण भाला ने संगठनात्मक बिंदुओं पर गहनता से चर्चा कर मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में देश के प्रकांड गीतकार एवं राष्ट्रीय कवि आचार्य देवेन्द्र देव, हंसराज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रमा सिंह, पूर्व आई.ए.एस डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. रमासिंह जादौन, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. रामेन्द्र सिंह, विदेश विभाग के डॉ संजय झा एवं वैभव वैद्य के साथ ही गुजरात से आए महर्षि शैलेश्वर स्वामी, डॉ. बलबहादुर त्रिपाठी, मोतीलाल गुप्ता, आचार्य श्रीहरि, निशांत शुक्ल, संतोष शर्मा, रुचि निवेदिता, वंदना अवस्थी, सौरभ शर्मा, मयूर गर्ग आनन्द उपाध्याय, राजदीप सिंह आदि की प्रमुख सहभागिता रही। यह जानकारी आनन्द उपाध्याय, प्रभारी, जनसंचार प्रकोष्ठ ने देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय महासचिव राम निवास शुक्ल ने बैठक का प्रभावी संचालन किया। आभार प्रदर्शन संगठन महामंत्री प्रो विनोद मिश्र द्वारा किया गया।

# योगी सरकार फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को बनाएगी 'धुरंधर'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योगी सरकार उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) के विद्यार्थियों को फॉरेंसिक की फील्ड में धुरंधर बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार फॉरेंसिक की दिग्गज यूनिवर्सिटी से एमओयू साइन करने जा रही है। यह एमओयू यूपीएसआईएफएस और चार विभिन्न संस्थानों के बीच होगा। इसमें महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) शामिल हैं। इन संस्थानों के साथ सहयोग से यूपीएसआईएफएस के छात्रों को इंटर्नशिप, रिसर्च और प्रैक्टिकल एक्सपोजर के व्यापक अवसर मिलेंगे। इससे जहां एक ओर छात्रों को व्यावहारिक और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में फॉरेंसिक विशेषज्ञ के रूप में तैयार करना है। यूपीएसआईएफएस के डायरेक्टर जीके गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फॉरेंसिक साइंस के छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाना चाहते हैं। अब तक फॉरेंसिक शिक्षा में थ्योरी का दबदबा ज्यादा था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल पर विशेष फोकस है। इसी के तहत सीएम योगी के निर्देश पर यूपीएसआईएफएस चार विभिन्न संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमओयू करने जा रहा है। इन एमओयू के जरिए छात्रों को



केस स्टडी, पोस्टमार्टम प्रक्रिया, मेडिकल-लीगल पहलुओं और अपराध अनुसंधान के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का मौका मिलेगा। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ होने वाले समझौते के तहत यूपीएसआईएफएस के छात्र फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में पोस्टमार्टम की बारीकियों को करीब से समझ सकेंगे। इसमें पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया का अध्ययन शामिल होगा। इससे छात्रों को यह समझने में मदद मिलेगी कि किसी घटना में मौत किन परिस्थितियों में हुई और वैज्ञानिक तरीके से उसका विश्लेषण कैसे किया जाता है। यूपीएसआईएफएस के डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ एमओयू से छात्रों को जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करने का मौका मिलेगा। छात्र यह जान सकेंगे कि बंदियों के मामलों में जमानत कैसे होती है, जेल का वातावरण कैसा होता है और अपराध के पीछे सामाजिक व मनोवैज्ञानिक कारण क्या होते हैं। यह अनुभव उन्हें अपराध की जड़ों को समझने में मदद करेगा, जो एक फॉरेंसिक एक्सपर्ट के लिए बेहद जरूरी है। वहीं, महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गोरखपुर के साथ एमओयू से दोनों संस्थानों के छात्रों को इंटरशिप के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही दोनों संस्थानों के फैकल्टी मेंबर दोनों संस्थानों में अपने लेक्चर दे सकेंगे। वहीं आगे चलकर, दोनों संस्थान मिलकर फॉरेंसिक साइंस की एक ज्वाइंट लैब भी स्थापित करेंगे। इस लैब में अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए अनुसंधान और परीक्षण किए जाएंगे। इससे न केवल छात्रों को नई तकनीकों का ज्ञान मिलेगा, बल्कि राज्य में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी मजबूत होगा।

धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी, गांधीनगर के साथ एमओयू से दोनों संस्थानों के बीच छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे। यूपीएसआईएफएस के छात्र वहां जाकर इंटर्नशिप कर सकेंगे, जबकि धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी के छात्र लखनऊ आकर फॉरेंसिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान होगा। इस पहल की एक खास बात यह भी है कि केवल छात्र ही नहीं, बल्कि फैकल्टी मेंबर्स भी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर लेक्चर दे सकेंगे। इससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों को विविध विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। यह पहल डिजिटल क्राइम, साइबर फ्रॉड और जटिल आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक जांच ही सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम होगा।

## शराब पीकर गाली देने पर बड़े ने की छोटे भाई की हत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी में बड़े भाई ने सो रहे छोटे भाई के सिर-चेहरे पर रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी। दोनों ने रात में शराब पी थी। उसके बाद झगड़ा किया। झगड़े में बड़े भाई ने मां की गाली दी। इस पर छोटे ने धमकी दी कि अगर तुम बड़े न होते तो तुमको आज मार डालता। इस पर मां ने बीचबचाव कर दोनों को शांत करा दिया। छोटा भाई जब सो गया तो बड़ा भाई छत से उतरकर उसके कमरे में रॉड लेकर पहुंचा। उसने सो रहे छोटे भाई के सिर और चेहर पर लोहे के रॉड से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। मामला बंथरा थाना क्षेत्र के खांडेदेव गांव का है। वारदात रविवार रात करीब 11 बजे की है। इसकी जानकारी सोमवार तड़के मां को तब हुई जब वह छोटे बेटे को जगाने गई। उसके चेहरे से चादर हटाई तो सिर और चेहरा खून से सना हुआ था। यह देखते ही मां बिलख पड़ी। इससे पड़ोसी भी जागकर वहां आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सुबह बड़े बेटे को गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान आलोक उर्फ गोलू (24) के रूप में हुई। बड़े भाई श्रवण गौतम (30) ने उसके सिर पर रॉड से मारा। आरोपी 3 भाई हैं। मझला भाई वीरेंद्र उर्फ अटल मानसिक रूप से कमजोर है। पिता पुत्तीलाल की 8 साल पहले मौत हो गई थी। बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह ने बताया सोमवार सुबह सूचना मिली कि किसी ने युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। जब मौके पर खांडेदेव गांव पहुंचे तो पता चला कि आलोक के सिर पर उसके सगे बड़े भाई श्रवण ने रॉड मारकर हत्या की है। दोनों में किसी बात को लेकर रात करीब 9.30 बजे झगड़ा हो गया था। उसके बाद दोनों सोने चले गए। जब आलोक सो गया तो उसी दौरान श्रवण ने मौका पाकर उसके सिर पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया जिससे आलोक की मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की मां यशोदा देवी की शिकायत के आधार पर बड़े बेटे पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह के द्वितीय चरण में श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बाराबंकी। राष्ट्रीय जागरण मंच व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में व कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के द्वितीय चरण में नगर के लाजपत नगर श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बाराबंकी मुख्य डाक अधीक्षिका व साहित्यकार श्रीमती किरन सिंह जी का सम्मान किया गया जिन्होंने बाराबंकी पोस्ट आफिस में पासपोर्ट सेवाओं का आरंभ कराकर बाराबंकी जनपद को बहुत बड़ी सौगात भेंट की है तथा जिनके सुपुत्र सिविल सेवा परीक्षा में चयनित हुए हैं।

इसी क्रम में वारिस इंटर कालेज प्रबंधक, पत्रकार व जिला महामंत्री भाजपा घोषित हुए श्री विजयानंद वाजपेई जी, बाबा गुरुकुल एकेडमी प्रबंधक व जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष श्री हरपाल सिंह जी, समाजसेवी पुष्पेन्द्र सिंह सरोज जी , प्रति वर्ष संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालकर हिन्दू समाज को एक एकजुटता का पाढ पढ़ाने वाले मनोज कुरील जी, सबके दिलों में सेवा के माध्यम से स्थान बनाने वाले नगर अध्यक्ष भाजपा सूरज सिंह जी, युवा उद्यमी सतीश श्रीवास्तव जी, सभासद अभिषेक गुप्ता जी, मातृशक्ति समाज सेविका व अधिवक्ता मालती यादव जी,मुस्कान श्रीवास्तव जी सहित अनेकों विशिष्ट जनों को माला पहनाकर कर व स्वामी विवेकानंद जी का फोटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुभाष श्रीवास्तव जी, हरीश श्रीवास्तव राजा जी,विनीत तिवारी जी,सुबोध श्रीवास्तव जी,अजय श्रीवास्तव जी, राकेश श्रीवास्तव जी, अरविंद श्रीवास्तव जी, श्रीमती किरन भरद्वाज जी, अधिवक्ता श्रीमती लता श्रीवास्तव जी,शरद श्रीवास्तव जी,विनय श्रीवास्तव जी, सौमैया के राज़ीव श्रीवास्तव जी, गौरव श्रीवास्तव जी, हेमंत श्रीवास्तव जी, बलराम श्रीवास्तव जी , संतोष कश्यप जी, अंशू श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव जी,एन के तिवारी जी, सौरभ श्रीवास्तव जी,योगेन्द्र गुप्ता जी, जितेंद्र चौहान जी सहित अनेकों कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## पुलिसवालों को चप्पल से पीटा, वर्दी फाड़ी, सिपाहियों ने भागकर जान बचाई

लखनऊ। रविवार को महिलाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। लोगों ने सिपाहियों को लाठी-डंडों से पीटा। ईंट-पत्थर चलाए। महिलाओं ने सिपाहियों की वर्दी फाड़ दी। उन्हें चप्पल से मारा। सोमवार को घटना का सीसीटीवी सामने आया। मामले में 5 नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की है। हमलावर फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। कल्याणपुर गांव में जितेंद्र उर्फ निर्मल कनौजिया रहते हैं। पुलिस के मुताबिक, जितेंद्र ने डायल-112 को सूचना दी कि कुछ लोग गांव में अवैध कब्जा करके निर्माण कार्य करा रहे हैं। सिपाही श्रवण कुमार अपने एक साथी के साथ मौके पर पहुंचे तो जानकारी झूठी निकली। लोग अपने घर के दरवाजे पर निर्माण करा रहे थे। कोई अवैध कब्जा नहीं था। इस पर पुलिसकर्मियों ने झूठी सूचना देने पर नाराजगी जताई। इस मामले में किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने से भी मना कर दिया।

# उप्र में पांच अप्रैल तक बदलता रहेगा मौसम पश्चिम से लेकर पूर्व तक छाये रहेंगे बादल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मौसम के रुख में लगातार परिवर्तन हो रहा है। सोमवार को प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों में कहीं कहीं बौछारें पड़ने के साथ साथ तेज हवाएं भी चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। यही नहीं पहले एक अप्रैल तक बूंदाबांदी और गरज चमक का पूर्वानुमान था लेकिन अब पांच अप्रैल तक मौसम में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आज पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न संभागों के लगभग 40 जिलों में हल्की बूंदाबांदी और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। कुछ ऐसा ही मौसम अगले दिन 31 मार्च




को भी रहेगा। 30 और 31 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई संभागों में वर्षा व गरज चमक के साथ बूंदें पड़ने की संभावना है। एक व दो अप्रैल को मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद तीन, चार व पांच अप्रैल को कई संभागों में हल्की बौछारों के साथ गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती हैं। इसी प्रकार पूर्वी उत्तर प्रदेश में 30, 31 मार्च और एक अप्रैल को संभाग में कहीं कहीं वर्षा, गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने का पूर्वानुमान है। इसके बाद दो व तीन अप्रैल को मौसम शुष्क रहेगा लेकिन चार व पांच अप्रैल को बूंदाबांदी होने का पूर्वानुमान है। तापमान में भी अगले 24 घंटे में थोड़ी और कमी आ सकती है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कई दिनों तक मौसम में उतार चढ़ाव बने रहने का पूर्वानुमान है। इसकी वजह यह है कि 2 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित भी करने वाला है। अगर यह अधिक प्रभावी हुआ तो मौसम नये अंदाज में दिखायी पड़ सकता है।

## स्टेशन पर सो रही मां की गोद से बेटा चोरी

लखनऊ। लखनऊ स्टेशन पर सो रही एक मां की गोद से बेटा चोरी हो गया। वह पति से झगड़ा करके अमेठी से अपने 3 छोटे बेटों को लेकर लखनऊ आई थी। यहां रात में स्टेशन पर सो गई। सुबह जागी तो उसका एक बेटा वहां पर नहीं मिला। पूरा मामला 22 फरवरी 2026 का है। पति ने चारबाग जीआरपी में 30 मार्च को शिकायत दी है। इससे पहले अमेठी के थाना सुल्तान वारिसगंज में शिकायत दी थी। अमेठी के अर्जुननगर गांव निवासी धर्मेंद्र के अनुसार, 22 फरवरी को पत्नी से कहासुनी हो गई थी। वह तीनों बेटों को लेकर कहीं चली गई। इसकी सूचना थाने में दी तो पत्नी 3 दिन बाद 25 फरवरी को घर लौट आई। उसके साथ दो बेटे थे लेकिन छोटा बेटा उस्मान (5) नहीं था। पूछने पर उसने बताया कि बेटा सोते समय स्टेशन से कहीं लापता हो गया। पत्नी के अनुसार, वह लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 (छोटी लाइन) पर रात में सो गई थी। सुबह जब नींद खुली तो छोटा बेटा वहां नहीं था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पिता ने जीआरपी चारबाग में शिकायत दर्ज कराई थी।

# लखनऊ में बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात को बड़े भाई ने छोटे भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सोमवार सुबह बेटे का शव खून से सना देखकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह ने बताया कि महिला यशोदा के पति की आठ साल पहले मौत हो चुकी थी। वह यहां पर अपने तीन पुत्र बड़ा बेटा श्रवण गौतम, मझला बेटा वीरेंद्र उर्फ अटल जो मानसिक बीमार है। छोटा बेटा आलोक उर्फ गोलू (24) के साथ रहती है। महिला का कहना है कि रविवार की रात को खाना खाने के दौरान किसी बात को लेकर बड़ा बेटा श्रवण का अपने छोटे भाई आलोक से कहासुनी हो गई। मामला



इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव कर उन्हें अलग किया। श्रवण छत पर सोने चला गया, जबकि आलोक कमरे में सो गया। सुबह जब उसकी आंख खुली तो देखा कि खून से लथपथ हालत में आलोक का शव बिस्तर पर पड़ा है। आरोप है कि श्रवण ने अपने भाई की पीट-पीटकर हत्या की है। मां यशोदा ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने आरोपित श्रवण को हिरासत में लेकर घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि आलोक नाम के एक लड़के की हत्या कर दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की तो पाया कि उसके सगे बड़े भाई श्रवण ने हत्या की घटना को अंजाम दिया है। आरोपित को हिरासत में लेकर उसके पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया लोहे का रॉड बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## राजधानी में आप छात्र विंग ने सड़क पर बजाई थाली, एलपीजी के लिए प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आम आदमी पार्टी के छात्र विंग ने एलपीजी सिलेंडर के लिए प्रदर्शन किया। करीब 10 छात्रों ने कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे के ग्लोब पार्क से निकलकर कलेक्ट्रेट की ओर मार्च निकाला। कलेक्ट्रेट की तरफ बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो नोकझोंक हो गई। एक छात्र के हाथ में छोटी थाली भी थी, जिसे बजाकर सभी नारे लगा रहे थे। खाली थाली, बंद किताब, जिम्मेदार नरेंदर साहब, नारा लगाते हुए बढ़े। उनका कहना था कि एलपीजी की आपूर्ति संकट का असर अब छात्रों पर भी दिखने लगा है। भाजपा सरकार सिलेंडर देने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। प्रदर्शन में शामिल सूरज कुमार ने कहा एलपीजी संकट का सबसे अधिक असर उन छात्रों पर पड़ रहा है जो अपने घर से दूर रहकर दिल्ली, लखनऊ, इलाहाबाद और बनारस आदि शहरों में पढ़ाई कर रहे हैं। 10м10 के कमरों में रहने वाले हजारों छात्रों के पास न तो स्थायी गैस कनेक्शन है और न ही इलेक्ट्रिक चूल्हे की सुविधा। छात्र अब तक छोटे दुकानदारों से दो-तीन किलो गैस खरीदकर किसी तरह अपना गुजारा कर रहे थे, लेकिन मौजूदा संकट ने इस व्यवस्था को भी प्रभावित कर दिया है। प्रदर्शन कर रहे अंशुल ने कहा गांवों से आए छात्र एक वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। उनके सामने सिलेंडर का संकट आ गया है। ओमप्रकाश राजभर खुद छात्रनेता रहे, आज वह छात्रों के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। सीएम योगी भी कुछ नहीं कर रहे हैं। आज हम लोग राज्यपाल को ज्ञापन देकर छात्रों की इस समस्या से अवगत कराएंगे।

# योगी के सुशासन मॉडल और हिन्दुत्व छवि ने बदले सियासी समीकरण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अयोध्या स्थित तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने एक बयान में देश की राजनीति, नेतृत्व और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समय बड़ा बलवान होता है और देश के इतिहास से लेकर वर्तमान तक की घटनाओं को इसी संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया फ़ेसबुक पर जारी वीडियो में उन्होंने 2002 गोधरा कांड का जिक्र करते हुए कहा कि उस घटना ने देश की राजनीति को प्रभावित किया। उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी कार्यशैली से देशभर में उनकी लोकप्रियता बढ़ी और बाद में वे प्रधानमंत्री बने। परमहंस आचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी से लोगों को कई बड़ी अपेक्षाएं थीं, जिनमें जनसंख्या नियंत्रण कानून और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दे शामिल थे। उन्होंने



यह भी कहा कि सरकार ने विकास के क्षेत्र में कई कार्य किए। जैसे सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, अस्पताल और शिक्षण संस्थानों का विस्तार, लेकिन कुछ अपेक्षाएं अब भी अधूरी मानी जाती हैं। अपने बयान में उन्होंने हाल की नीतियों, विशेष रूप से यूजीसी की नई नियमावली को लेकर भी असंतोष जताया और कहा कि इससे कुछ समर्थकों में निराशा की भावना पैदा हुई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और समर्थक उन्हें सख्त प्रशासन और कानून-व्यवस्था से जोड़कर देखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों में यह धारणा है कि भविष्य में वे राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका में आ सकते हैं। अपने बयान में परमहंस आचार्य ने पारंपरिक भारतीय शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा कि गुरुकुल व्यवस्था, गोवंश संरक्षण तथा हर गांव में गौशाला, व्यायामशाला, यज्ञशाला और गुरुकुल पद्धति की पाठशालाओं की स्थापना जैसे विषयों पर काम होना चाहिए। इसके साथ ही धार्मिक और सामाजिक मुद्दों का जिक्र करते हुए उन्होंने हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने दावा किया कि समाज के एक वर्ग में यह विश्वास है कि भविष्य में देश इस दिशा में आगे बढ़ सकता है और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के जरिए भारत को मजबूत किया जा सकता है। हालांकि, भारत का वर्तमान संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और किसी भी संवैधानिक परिवर्तन के लिए निर्धारित प्रक्रिया और व्यापक सहमति आवश्यक होती है।

## सड़क हादसे में प्लाई बोर्ड कंपनी के मैनेजर की मौत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से प्लाई बोर्ड कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई। मैनेजर ड्यूटी खत्म करके अपने घर जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सैफलपुर मलिहाबाद निवासी संदीप यादव (26) पुत्र फूलचंद आलमबाग स्थित श्री श्याम प्लाई बोर्ड कंपनी में मैनेजर थे। शनिवार रात ड्यूटी के बाद अपने घर जा रहे थे। आगरा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा के सर्विस लेन के पास पहुंचे थे। तभी करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक पर दो लोग सवार थे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। वहां संदीप की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे युवक का जबड़ा टूट गया, जिसका इलाज चल रहा है। संदीप के परिवार में माता-पिता और चार भाई हैं, संदीप तीसरे नंबर पर था। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस का कहना है पोस्टमॉर्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# भारतीय ज्ञान परम्परा अत्यन्त विशिष्ट : स्वांत रंजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रधर्म के राजेन्द्रनगर स्थित कार्यालय में हुई महत्त्वपूर्ण परिचर्चा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने कहा कि भारतीय ऋषि ज्ञान परम्परा अत्यन्त विशिष्ट रही है। यहां के ऋषियों ने सनातन परम्परा के ज्ञान को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए जो सुविचारित गम्भीर प्रयास किये, वे सबके लिए प्रेरक और स्तुत्य हैं।

स्वांत रंजन की अध्यक्षता में आचार्य सायण के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चिन्तन-मंथन किया गया। आचार्य सायण पर केन्द्रित पुस्तक- महामनीषी- पर चर्चा करते हुए विद्वान् लेखक पद्मनाभ पाण्डेय ने कहा कि आचार्य सायण विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्हें वेदों पर भाष्य करने के लिए जाना जाता है, लेकिन इसके साथ ही वे एक प्रचण्ड योद्धा, महामंत्री और आदर्श सद्गृहस्थ भी थे। श्री पाण्डेय ने कहा कि किसी महान सभ्यता के लिए महान साहित्य और संस्कृति होना अत्यन्त आवश्यक है। वेद सनातन परम्परा के अनादि, अपौरुषेय ग्रन्थ हैं। उन्हें श्रुति परम्परा से हमारे आचार्यों ने संरक्षित रखा। समस्त समाज को आचार्य सायण के प्रति ऋणी होना चाहिए क्योंकि उन्होंने वेदों पर अपने महत्त्वपूर्ण भाष्य से इस गौरवशाली, महान परम्परा को और आगे बढ़ाया। इस अवसर पर पद्मनाथ पाण्डेय ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र में निष्णात आचार्य सायण तपस्वी, त्यागी और महान अध्येता थे।

इस परिचर्चा में संतोष तिवारी, मृत्युंजय दीक्षित, राजीव द्विवेदी, जीशान अहमद, गौसियार खानम, जय प्रकाश पाण्डेय, विजय त्रिपाठी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण व आँगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**हरदोई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ मे आयोजित कार्यक्रम मे आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंए मुख्य सेविकाओं व् सहायिकाओं को स्मार्टफोन व नियुक्ति-पत्र प्रदान कर, आंगनवाड़ी केंद्र भवनों व बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण व् शिलान्यास किया। इसी क्रम मे बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग हरदोई द्वारा स्वामी विवेकानंद सभागार हरदोई मे आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण व् आँगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई रुप्रेमावती पीके वर्मा द्वारा नवनियुक्त आंगनवाड़ी सहायिका बहनों को नियुक्ति पत्र प्रदान करए जनपद हरदोई के 88 आंगनवाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने नवनियुक्त आंगनवाड़ी सहायिकाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि आप सभी सहायिका बहनें आंगनबाड़ी व्यवस्था की रीढ़ हैं। आपका यह दायित्व केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का सशक्त माध्यम है। आप गांव-गांव जाकर बच्चों और माताओं के जीवन को बेहतर बनाने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बनाने का कार्य करेंगी तथा कुपोषण मुक्त भारत और सशक्त समाज के निर्माण मे भी अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगी। मैं आप सभी से अपेक्षा करती हूं कि आप अपने कर्तव्यों का निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ पालन करते हुए, सशक्त, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाधिकारी अनुनय झा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेन्द्र कुमार सिंह व् प्रतिनिधि विधायक रजनीश त्रिपाठी सहित आंगनवाड़ी बहनें उपस्थित रहीं।

# कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान द्वारा जरूरतमंदों को वितरित किये गए सहायक उपकरण



जरूरतमंदों को सहायक उपकरण वितरित करती समाजसेविका शालिनी सिंह



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**साण्डी ( हरदोई )।** विकासखंड के बरनई गांव में मानवता की मिसाल पेश करते हुए श्रीमती कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान की संचालिका शालिनी सिंह द्वारा बड़ी संख्या में सहायक उपकरण वितरण किए गए! सहायक उपकरण पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे!

आपको बताते चले कि कृष्णा कुमारी सेवा संस्थान गरीब असहाय व जरुरतमंदो के लिए समय समय पर समाज सेवा के निरंतर कार्यक्रम आयोजित करता रहता है! इसी क्रम में रविवार को संस्था द्वारा सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए जरुरतमंदो व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए ! इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे जहां संस्थान की संचालिका शालिनी सिंह व सदस्यों ने 35 जरूरतमंदों को व्हील चेयर हियरिंग मशीन कमर बेल्ट छड़ी सहित अन्य सहायक उपकरण वितरण कर उनके जीवन को आसान बनाने का प्रयास किया! कार्यक्रम के दौरान संस्थान की संचालिका शालिनी सिंह ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गो की सेवा करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है! उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का क्रम आगे भी चलता रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके! उपकरण पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी की साफ झलक दिखाई दी! उन्होंने संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहायक उपकरणों के मिलने से उनके दैनिक जीवन में हो रही कठिनाइयों से बड़ी राहत मिलेगी! इस अवसर विद्याराम अजय पाल अनुज चौहान रामप्रताप भोले शंकर राम गुड्डा विजय बहादुर भगवान बख्स छुन्ना भूरा रामपाल चौहान सुशील शर्मा राम सिंह सरस्वती राकेश सिंह कल्लू सिंह जीतू सिंह भीम चौहान सर्वेंद्र आदेश जितेंद्र मिश्रा भिंन्नू राजू रामवीर सहित गाँव व क्षेत्र कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम को समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया!

## मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह



**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन मल्लावां के एक प्रतिष्ठित इंटर कॉलेज में हुआ इस अवसर पर मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाध्यापक सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के नाम अनुरूप गुण भी हैं मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज में लगभग 3500 से 4000 बच्चे प्रतिदिन पढ़ने के लिए आते हैं सालभर कठिन परिश्रम करते हैं शिक्षक बंधु भी लगन के साथ में बच्चों को पढ़ाते हैं और उनकी स्किल डेवलप कर बच्चों को अग्रसर कर रहे हैं जिससे वह बाहर निकल कर अपने देश और अपने शिक्षक बन्धुओं का नाम रोशन कर सकें परीक्षा परिणाम केण् जीण् से लेकर आठ के लड़के और लड़कियों को वितरित किये गये एक क्लास के कम से कम 1 से 10 बच्चों को शील्ड शील्ड व मेडल प्रदान किये गए प्रमुख रूप से शील्ड प्राप्त करने वालों में वैष्णवी पाठक शांभवी पाठक वैष्णवी पटेल काव्या दीक्षित सहित सैकड़ो बच्चों को पुरस्कार वितरण किये गये। पुरुस्कार प्राप्त करने वालो मे क्लास 8th मे क्रमश: श्रद्धा रानी 1st अंशिका 2nd नैमिष कनौजिया 3rd 7th मे अर्णव पटेल 1st उन्नति पटेल 2nd वैष्णवी पाठक 3rd 6th मे पीयूष शुक्ला 1st ऋतिविक पटेल 2nd सूर्यांश पटेल 3rd 5th सक्षम पाल 1st हर्ष पटेल 2nd सरस पटेल 3rd 4th उत्कर्ष सिंह 1st श्रेयांश पटेल 2nd शौर्य सिंह 3rd क्लास 3rd मे राशि 1st गौरी देवी 2nd दिव्यांश जायसवाल 3rd 2nd मे आरुष पटेल 1st शांभवी पाठक 2nd आरव पटेल 2nd शशांक 3rd 1st में आकिब 1st अभिनव 1st अमोघ वर्मा 2nd मीरा 3rd दिव्यांशी 2nd UKG अनन्या 1st आराध्या 2nd अनुष्का 3rd LKG मे अमीना 1st अशर अंसारी 2nd जसिफा पटेल 3rd पोजीशन प्राप्त की है इस अवसर पर मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरीपाल सिंह, राकेश श्रीवास्तव, विनीत कुमार, सवित, रवित, सनी श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, रोहित पाल, मदनपाल यादव, सचिन मिश्रा, महाराज यादव, सुधीर अमित कुमार, शिवम मिश्रा, हितेश कुमार, शरद, दीपक पांडे, रोहित पाल, मदनपाल यादव, सचिन मिश्रा, महाराज यादव, सुधीर, अमित कुमार, शिवम मिश्रा, हितेश कुमार, दीपक पांडे, सुरेश पाल, दीपेंद्र, सहित कई अध्यापक मौजूद रहे।

### आदर्श आजाद विद्यालय राघोपुर नेवादा में वितरित हुआ परीक्षाफल

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राघोपुर स्थित आदर्श आजाद विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में बच्चों को वितरित किया गया परीक्षा परिणाम। आदर्श आजाद विद्यालय राघोपुर नवादा में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को परीक्षा फल राघोपुर नवादा में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को परीक्षा फल वितरित किया गया उनमें भी जो बच्चे अपनी कक्षा में फर्स्ट सेकंड थर्ड पोजिशन पर आए हैं उनको प्रधानाध्यापक के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों में साक्षी दीक्षित, प्रणव अवस्थी, प्रतिज्ञा दीक्षित, सपना, ज्योति तिवारी जास्मीन साहित कई अन्य होनहार बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर आदर्श आजाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार सिंह व वरिष्ठ अध्यापक गिरीश चंद्र अन्य अध्यापकों में आदित्य पाल अंकित पाल जितेंद्र कुमार पाठक विद्यालय के वरिष्ठ लिपिक अजीत सिंह उपस्थित रहे वह विद्यालय का अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### वार्षिकोत्सव व वार्षिक परीक्षा परिणाम का हुआ आयोजन

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राघोपुर क्षेत्र में आने वाले मगराहा जूनियर हाई स्कूल में हुआ वार्षिक परीक्षा परिणाम का वितरण और जिन बच्चों ने अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त किये हैं उनको इंचार्ज प्रधानाध्यापक के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया इसी अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक की सेवा निवृत्ति भी थी यह पल भावुक कर देने वाला होता है क्योंकि जो शिक्षक जीवन भर अपना सर्वस्व अपने विद्यालय के लिए देता है एक समय ऐसा आता है उसको विद्यालय छोड़ना पड़ता है और सेवानिवृत्ति होना पड़ता है विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजेश कुमार आज विद्यालय से सेवा निवृत हुए इस अवसर पर भाव भीनी विदाई विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजीव विश्वकर्मा ने दी इसी क्रम में विद्यालय में उपस्थित रहे ए आरपी बलजीत सिंह नोडल संकुल शिक्षक मनोज प्रताप सिंह संदीप मिश्रा प्राथमिक विद्यालय मगराहा अमर सिंह भगत पुरवा करुणेन्द्र महिमापुर आशीष तिवारी पी एस राघोपुर नरेंद्र कटियार यूपीएस राघोपुर सनोज कुमार अंतिया रेनू कनौजिया अध्यापिका यूपीएस राघोपुर लालाराम इंचार्ज प्रधानाध्यापक अध्यापक कुतुआपुर नदीम अहमद इंचार्ज प्रधानाध्यापक स मिर्जापुर उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल के होनहारों का हुआ सम्मान

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** विकास खंड के गांव शुक्लापुर भगत के संविलयन विद्यालय में परिषदीय छात्र.छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किया गया। स्टॉफके प्रधानाध्यापक राजीव कुमार, निशा देवी, पुष्पा देवी, रुचि यादव, रोली देवी, अस्मिता सिंह, रेनू देवी, मोहम्मद इकरार सिद्दीकी, नीलम देवी, विनीता वर्मा, अनवार अंसारी, आशीष कुमार ने सम्मान समारोह में बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा अनुष्का सहित कोमल, पूर्वी, कृष्णाबाबू, सरिता, लक्ष्मी कुशवाहा, वैभवराज, अनामिका के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रजोल सिंह, एसएमसी अध्यक्ष प्रभारी सचिन कुमार, समाजसेवी राहुल गुप्ता ने



विद्यालय परिवार के साथ छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। समारोह में मौजूद लोगों को सम्बोधित कर शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। इसी क्रम में राष्ट्रीय आधरित परीक्षा में चयनित अनामिका और मानवेन्द्र के पिता अखिलेश कुमार व विनोद कुमार को भी अंगवस्त्र साल भेंटकर फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# समाजसेवी कर्ण सिंह राणा ने निजी स्कूलों पर लगाए गंभीर आरोप

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जनपद में निजी विद्यालयों द्वारा कॉपीए किताब और स्कूल ड्रेस के नाम पर कथित अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस संबंध में समाजसेवी कर्ण सिंह राणा ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कई निजी विद्यालय अभिभावकों को विशेष दुकानों से ही पुस्तकें, कॉपियां और ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं, जहां बाजार से कई गुना अधिक कीमत वसूली जा रही है। इतना ही नहीं, इस पूरे खेल में कमीशनखोरी की भी आशंका जताई गई है, जिससे यह मामला एक संगठित आर्थिक शोषण का रूप लेता दिख रहा है। समाजसेवी ने यह भी बताया कि 'अनिवार्य किट', 'एडिशनल एक्टिविटी चार्ज' और 'ड्रेस अपडेट' जैसे नामों पर भी अभिभावकों से अतिरिक्त धन वसूला जा रहा है, जिसका कोई स्पष्ट औचित्य नहीं है। इससे मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, और कई अभिभावक बच्चों की पढ़ाई छुड़ाने तक को मजबूर हो रहे हैं। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि सभी निजी विद्यालयों की फीस संरचना की जांच कराई जाए, मनमानी पर रोक लगे और दोषी विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही अभिभावकों के लिए प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने की भी मांग की गई है।

■ फीस के नाम पर लूट का खेल



# घूसकांड मामले में सीबीआई की टीम पहुंची कछौना, खंगाले अहम् दस्तावेज

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सोमवार को कस्बे में पहुंची सीबीआई की लखनऊ एसीबी ब्रांच टीम ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा कछौना पतसेनी में दस्तावेजों की पड़ताल की। कुछ दिनों पूर्व ही इसी शाखा के प्रबंधक समेत बैंक के बीसी संचालक व बसपा नेता सुरेश कुमार चौधरी को एक महिला द्वारा रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पूछतांछ कर सीबीआई की टीम ने दोनों को जेल भेजा था। बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम कमोलिया निवासिनी सीमा देवी द्वारा उक्त मामले की शिकायत पर सीबीआई टीम ने मुकदमा दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी थी। उक्त विषय की जांच के सम्बन्ध में कस्बे की बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पहुंची लखनऊ सीबीआई की एसीबी ब्रांच टीम ने बैंक के इंचार्ज मैनेजर वैभव से पूँछतांछ कर अभिलेखों की बारीकी से पड़ताल की। इस दौरान शिकायत कर्ता महिला सीमा भी सीबीआई टीम के साथ बैंक की शाखा में उपस्थित नजर आयी। मामले के सबंध में जानकारी करने पर सीबीआई के इंस्पेक्टर ने मीडिया से दूरी बनाये रखी। बैंक के कार्यकारी प्रबंधक वैभव ने बताया सीबीआई की टीम 10 मार्च को दर्ज किए मुकदमे में तथ्यों की जांच के सिलसिले में आयी थी।



अभिलेखों की पड़ताल करते टीम के सदस्य

## विद्यालय में परीक्षाफल वितरण व अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** श्री जगन्नाथ माहेश्वरी सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यालय परिसर में परीक्षाफल वितरण समारोह एवं अभिभावक गोष्ठी का आयोजन अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष महेश माहेश्वरी ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सह-प्रबंधक सुधीर एवं कोषाध्यक्ष देवेंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य रामआसरे कुशवाहा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में हिमांशु मोहन दीक्षित ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उत्साहित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहींए बल्कि आत्ममूल्यांकन और आत्मविकास का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि खुद पर हो भरोसा, खुद पर हो विश्वास, तो आम आदमी भी रच सकता है इतिहास। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें विद्यालय



स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कक्षा अरुण, कक्षा उदय, कक्षा प्रथम, कक्षा द्वितीय, कक्षा तृतीय, कक्षा चतुर्थ एवं कक्षा पंचम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अभिभावक गोष्ठी के दौरान अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, संस्कार एवं शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर सार्थक संवाद हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा एवं अभिभावकों के लिए विश्वास का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ। सती प्रसाद गोस्वामी, प्रवीण गुप्ता, उमाशंकर आदि अभिवावक महिलाये बच्चे व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# प्रधान-प्रधानाध्यापकों के उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**भरावन ( हरदोई )।** सोमवार को ब्लॉक सभागार भरावन में प्रधान व विद्यालय सचिव अध्यापकों के उन्मुखी करण की कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें सियारामपुर से सुनील तिवारी, बहुती से शिवप्रकाश त्रिपाठी, राममदार पुर से सरोज ऐरा काकेमऊ से प्रधानों ने प्रतिनिधित्व किया किया शेष नहीं पहुंचे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक संडीला अल्का अर्कवंशी ने मां शारदा की प्रतिमा का पूजन अर्चन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। और बताया कि शिक्षक अपनी गरिमा को पहचाने कि वह है कौनए वह साधारण व्यक्ति नहीं हैए वह समाज का निर्माता है, वह चाह ले तो यदि एक भी बच्चे को जीवन में साकार बना दे तो एक नवीन समाज, स्वर्णिम जगत का निर्माता बन सकता है। वही आर्यभट्ट है, वही चाणक्य है आप अपनी सजगता और समझ से कुछ भी कर सकते हैं, सिर्फ आपको अपने आप को पहचानना है। साथ ही विधायिका ने प्राथमिक विद्यालय बकवा, उसराहा, अटवा पुरवा से प्रदर्शित टीएम का भी निरीक्षण कर शिक्षिका प्रियंका वर्मा, ममता यादव, स्नेह लता व पूनम को शाबाशी दिया। कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय राम मदारपुर के बच्चों ने मां सरस्वती के वंदना गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही नुक्कड़ नाटक का मंचन दृश्य भी चरितार्थ किया तो वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने भी अपने नृत्य की प्रस्तुति से सभी का मनमोह लिया। वहीं प्राथमिक विद्यालय सुआगाड़ा के प्रधानाध्यापक आशुतोष तिवारी कवि जी ने भी अपने कविता के माध्यम से लोगों को ज्ञानवर्धक संदेश देते हुए हास्य व्यंग्य से मनोरंजन भी किया। वहीं कुशल मँच संचालन अवेस्ता व प्राथमिक विद्यालय आलमपुर की शिक्षिका नीलिमा सिंह ने चार चांद लगाए। कार्यक्रम का परिचय देते हुए आरपी श्याम किशोर त्रिपाठी तथा सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार निपुण आकलन में हमारा ब्लाक भरावन प्रथम स्थान पर रहा है। यह हमारे शिक्षकों की मेहनत से संभव हुआ है आगे भी हमारे शिक्षक अपने कठिन परिश्रम से विभाग में भरावन का नाम रोशन करते रहेंगे। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने सभी एआरपी व शिक्षक नेताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शिक्षक नेता संजीव कुमार पांडे सहित जीतेंद्र सिंह, कौशलेंद्र, हरीशंकर, फैजी अब्बास, सुशील कुमार, प्रकाश दुबे अनुराग, पुष्पेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



# जनता की सेवा ही राजनीति का लक्ष्य हैः ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पिहानी ( हरदोई )।** ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की सराहना की गई और आगामी कार्ययोजना के लिए सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव लिए गए। ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यकाल में क्षेत्र पंचायत द्वारा लगभग सभी ग्राम पंचायतों में नाली खड़ंजा इंटरलॉक और प्रकाश की समुचित व्यवस्था करवाई गई है। करीमनगर और अब्दुल्ला नगर में भव्य खेल मैदान बनवाए गए हैं जबकि विकास खंड की दस ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी का कार्य निर्माणाधीन है। ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा जनता की सेवा ही राजनीति का लक्ष्य है। उन्होंने जोर दिया कि राजनीति को सत्ता के भोग का साधन बनाने वाले लोग ज्यादा दिन नहीं टिक सकते। सेवा भाव से राजनीति करने में ईश्वर भी मददगार होते हैं। उन्होंने ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसा जनसमूह सेवा भाव से राजनीति करने का परिणाम होता है। प्रधान संघ के अध्यक्ष मेवाराम राठौर ने ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई को श्विकास पुरुषश् बताया और उनके ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई दी। एडीओ पंचायत अखिलेश ने विकास खंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय वाटिका पंचायत भवन मॉडल शॉप और मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र सहित अन्य कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। प्रधान बिलहरी रघुवीर सिंह और प्रधान कुंवर पुर बघेला विश्राम भार्गव ने भी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों द्वारा कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी अनुका यादव जिला पंचायत सदस्य सोनू भारती जिला पंचायत सदस्य राम मूर्ति राठौर एडीओ विवेकानंद शुक्ला प्रधान रघुवीर सिंह विश्राम लाल भार्गव साजिद खान संदीप शुक्ला संजय बहादुर नगर विनीत गुप्ता तहसीम खान पुष्पेंद्र राठौर अयूब खान गोपाल मिश्रा बीडीसी सावित्री मन्ना अंसारी रुकूमकेश राठौर डॉ अयाज हरिराम कुशवाहा विवेक राठौर प्रशांत सप्तऋषि रामदास कुशवाहा शिवकरण ओमपाल प्रशांत और अशरफ गाजी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### परीक्षा परिणाम वितरण समारोह सम्पन्न हुआ

**पिहानी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में परीक्षा परिणाम वितरण समारोह



का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश सिंह व विंदू सिंह ने कार्यक्रम की सारी व्यवस्थाएं देखी। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह भाजपा नेता नीरज सिंहए प्रदीप अवस्थी एवं रोशन गुप्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत आधार हैए जिससे छात्र अपने जीवन में सफ्लता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन मेहनत और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने सभी मेधावियों को सील्ड आदि देकर पुरस्कृत किया कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर जैसे शिक्षण संस्थान हमेशा से मेधावियों को पुरस्कृत करता रहा है जिससे बच्चों में शिक्षा का भाव बढ़े। कार्यक्रम के दौरान परीक्षाफल प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खोल उठे।

# बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरपालपुर ( हरदोई )।** पीएम श्री कंपोजिट स्कूल अरवल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी हरपालपुर उदयभान सिंह रहे। उन्होंने सरस्वती माता दीप प्रज्वलन किया।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक रामभोले शर्मा ने उन्हें अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पर कार्यक्रम संचालक नोडल शिक्षक संकुल व प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरपाल कठेरिया को भी अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना व सुन्दर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जूनियर के छात्रों द्वारा अनपढ़ बहू, मोबाइल के साइड इफेक्ट, हास्य व्यंग्य, देशभक्ति आदि कई कार्यक्रमों पर मनमोहक पर एकल प्रस्तुतियाँ दीं। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहां कि 6 वर्ष के बच्चों के नामांकन और नियमित स्कूल भेजने हेतु उपस्थित अभिभावकों से अपील की। इस अवसर पर वर्ष में सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों के दो अभिभावकों को प्रधानाध्यापक द्वारा साड़ी देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर विकास कुमार, सतीशचंद्र, विमल कुमार, शैलेश कुमार, विजय सिंह, अरुण कुमार, पवन यादव, प्रवीण कुशवाहा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री लक्ष्मी देवी जगदीश चन्द्र, गिरिन्द रामवीर, भैयालाल, निशा गोमती आरती आदि सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर प्रधानाध्यापक द्वारा सम्मानित किया गया।

# सेवा सुरक्षा की धारा बहाली तक संघर्ष जारी रहेगाः सोहनलाल

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा के नेतृत्व में शहर के एक पार्क में शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 6 अप्रैल को लखनऊ के इको गार्डन में होने वाली सेवा सुरक्षा बचाओ महारैली सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि शिक्षक सम्मान के लिए सेवा सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। सम्मानजनक शिक्षा व्यवस्था और सेवा सुरक्षा एक.दूसरे के पूरक हैं। भयमुक्त शिक्षक ही समाज और राष्ट्र के निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए 6 अप्रैल को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सरकार को यह संदेश देना होगा कि शिक्षक अभी सोया नहीं है और अपनी मांगों के लिए जागरूक है। कहा कि सेवा सुरक्षा की धारा की बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधीर गंगवार, जिलामंत्री वीके राना, उपाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, उपाध्यक्ष राकेश राजपूत, कोषाध्यक्ष बृज लाल वर्मा, आय व्यय निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह, सुनील कुमार मंडल, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# युद्ध की हिंसा, उन्माद से त्रासदी झेलता आम आदमी

युद्ध का उन्माद मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे त्रासद अध्याय रहा है, जहाँ शक्ति, प्रभुत्व और स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने ही अस्तित्व को दांव पर लगा देता है। जब राष्ट्रवाद की आग विवेक पर भारी पड़ती है, तब युद्ध केवल सीमाओं का संघर्ष नहीं रह जाता, वह मनुष्यता के मूल्यों का भी विध्वंस बन जाता है। युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक-सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है। युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है। जब कोई माँ अपने बेटे को खोती है, जब कोई बच्चा अपने पिता की लाश देखता है, तब राष्ट्र की जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाता, केवल एक गहरी शून्यता और असहनीय पीड़ा शेष रह जाती है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है कि उसने क्या खो दिया और किस कीमत पर। युद्ध का वास्तविक चेहरा तब सामने आता है जब शहरों के खंडहर, जली हुई फसलें, उजड़े हुए घर और रोते हुए लोग उसकी गवाही देते हैं। आधुनिक समय में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, चाहे वह रूस-यूक्रेन का संघर्ष हो, इजरायल-फिलिस्तीन का विवाद हो या अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव हर जगह एक समान पीड़ा और विनाश का दृश्य देखने को मिलता है। इन संघर्षों में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के निर्णयों का भार आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जो अपनी जान देकर उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं जिनसे उनका कोई लेना-देना नहीं होता। युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल देता है। उद्योग धंधे ठप हो जाते हैं, महंगाई आसमान छूने लगती है, बेरोजगारी बढ़ती है और विकास की गति रुक जाती है। एक देश को वर्षों पीछे धकेल देने वाला यह विनाश केवल भौतिक नहीं होता, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरा असर छोड़ता है। युद्ध के बाद बचता है तो केवल एक टूटा हुआ समाज, जिसमें अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। यही कारण है कि इतिहास हमें बार-बार यह सिखाने का प्रयास करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्याओं को और जटिल बना देता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति और संवेदनशील समाज इस सत्य को समझते हैं कि शांति ही वह मार्ग है जो मानवता को आगे बढ़ा सकता है। युद्ध के बाद जब धूल बैठती है और लोग अपने खोए हुए प्रियजनों की याद में रोते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि उन्होंने क्या खोया है और क्या पाया है। उस समय कोई भी जीत सार्थक नहीं लगती, क्योंकि जीत की कीमत बहुत अधिक होती है। युद्ध की राख से उठने वाली यह चेतना ही आत्मज्ञान का वास्तविक रूप है, जो हमें यह समझाती है कि हिंसा और घृणा के मार्ग पर चलकर हम केवल विनाश ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें संवाद, सहिष्णुता और प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। युद्ध का उन्माद क्षणिक हो सकता है, लेकिन उसके परिणाम पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इतिहास से सीख लें और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शांति का मार्ग चुनें, क्योंकि अंततः वही मार्ग हमें सच्चे अर्थों में मानव बनाता है।

**युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक-सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है। युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है।**

# विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान बनेगा जेवर एयरपोर्ट

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व विकास योजनाओं के लोकार्पण की लहर चल रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) राष्ट्र को समर्पित किया। यह एयरपोर्ट आधुनिकतम सुविधाओं का अद्भुत संगम होगा। यहां से पहली उड़ान उत्तर प्रदेश सरकार के विमान ने भरी, जिसमें प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यात्री बने। इस एयरपोर्ट से चार सप्ताह बाद यात्रियों के लिए नियमित उड़ानें प्रारंभ हो जाएंगी। नोएडा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना का प्रस्ताव 2001 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री व वर्तमान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रखा था किंतु निहित राजनीतिक कारणों से यह अधर में लटका रहा। इस प्रकार इस परियोजना के प्रथम चरण के ही पूर्ण होने में 25 वर्ष लग गए, जिस कारण उत्तर प्रदेश के साथ साथ दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का विकास भी अटका रहा। जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के साथ ही विकसित यूपी और विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। यूपी अब देश के सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के पूर्व ही केंद्र सरकार ने उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी प्रदान की है जिसके अंतर्गत 100 नए एयरपोर्ट व 200 नये हेलीपैड बनेंगे जिसके लिए 29,000 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का सपना है कि हवाई चप्पल वाले भी हवाई यात्रा का सुगम आनंद ले सकें और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उड़ान 1.0 योजना में 1.6 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की है।प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए सबका प्रयास जरूरी है इस परियोजना के लिए किसानों ने भी अपनी जमीन दी है।आधुनिक कनेक्टिविटी का जो विस्तार हो रहा है उसे पश्चिम यूपी में फूड प्रोसेसिंग को बल मिलेगा और यहां के कृषि उत्पाद दुनिया के बाजारों में और बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगे। जेवर एयरपोर्ट की अहम विशेषताएं: जेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा तथा प्रथम चरण में ही यह 1.2 करोड़ यात्रियों को एक रन-वे से सेवा प्रदान करने की क्षमता रखता है। यह देश का पहला ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा जो सौर ऊर्जा का उपयोग करेगा और कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा। इस एयरपोर्ट में आगामी चरणों में 5 रन-वे का निर्माण होने के बाद यात्री क्षमता बढ़कर 22.5 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष हो जाएगी। यह एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजी यात्रा ऐप के माध्यम से चलेगा। एयरपोर्ट में आईएलएस कैट -3 सिस्टम है जिससे घने कोहरे में भी विमान आसानी से उतर सकेंगे। इस एयरपोर्ट में अत्याधिुनक तकनीक का उपयोग किया गया है जिसमें यात्रियों के लिए डिजी लॉकर आधारित बायोमैट्रिक चेक इन फ़ेस स्कैन से प्रवेश और एआई आधारित सुरक्षा होगी। यहां 3900 मीटर लंबा रन-वे होगा जो बड़े विमानों का संचालन कर सकेगा। यह यमुना एक्सप्रेस वे से सीधा जुड़ा है और इसे मेट्रो रेल और प्रस्तावित रैपिड रेल से जोड़ने की योजना है। यहां यात्रियों के लिए प्रवेश से लेकर बोर्डिंग गेट तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत तेज होगी जो लगभग 20 मिनट में पूरी हो सकती है। यहां पर 30 एकड़ में कार्गो टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है जिस पर 800 करोड़ रुपये की लागत आई है तथा 48 चेक इन प्वाइंट बनाए गए हैं। यहां की मल्टीमाइल कार्गो सुविधा की क्षमता आरम्भ में 2.5 लाख मीटिक टन माल की ढुलाई की है ,जिसे बढ़ाकर 18 लाख मीट्रिक टन किया जा सकता है। यहां पर 57 एकड़ में 700 करोड़ की लागत से वेयर हाउस एवं लॉजिस्टिक सुविधा विकसित की गई है। इस एयरपोर्ट के प्रथम चरण के निर्माण में 11200 करोड़ की लागत आई है। इस एयरपोर्ट के निर्माण व संचालन के बाद दिल्ली- एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश (ग्वालियर - मुरैना), राजस्थान ( धौलपर -भरतपुर) के हिस्सों को मिलाकर करीब सात करोड़ आबादी को सीधा लाभ मिलने जा रहा है। इस एयरपोर्ट के कारण जेवर एयरोट्रोपोलिस सिटी के रूप में चमकेगा। गौतमबुद्ध नगर और आसापास के जिलों के बीच क्षेत्रीय जुड़ाव और विकास होगा। इनके उत्पाद और सेवाओ के समक्ष आने वाली चुनौतियां भी कम होंगी। यह एयरपोर्ट पूर्ण हो जाने के बाद शहर में तमाम होटल व कार्यालय, शापिंग मॉल, लॉजिस्टिक हब आदि का निर्माण भी तीव्र गति से होने जा रहा है। शहर भर में अगली पीढ़ी वाली सुविधाएं विकसित होंगी। यह एयरपोर्ट केवल रन-वे नहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने का आधार बनेगा। यह एयरपोर्ट प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा क्योंकि यह उत्तर भारत के विदेश व्यापार व औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई तक पहुंचाते हुए व्यापक रोजगार का भी सृजन करेगा। यह एयरपोर्ट पश्चिमी यूपी के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों युवाओं के लिए भी नए अवसर लेकर आने वाला है।

**जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के साथ ही विकसित यूपी और विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। यूपी अब देश के सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक हो गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण के पूर्व ही केंद्र सरकार ने उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी प्रदान की है जिसके अंतर्गत 100 नए एयरपोर्ट व 200 नये हेलीपैड बनेंगे जिसके लिए 29,000 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का सपना है कि हवाई चप्पल वाले भी हवाई यात्रा का सुगम आनंद ले सकें और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उड़ान 1.0 योजना में 1.6 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की है।**



# पश्चिमी यूपी में मायावती पुराने सपने और नई रणनीति के साथ

संजय सक्सेना

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जेवर के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन के बहाने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य और उसके लिए हाईकोर्ट की अलग बेंच बनाने की मांग फिर से उठाना केवल एक भावुक नारा नहीं है, बल्कि एक लंबी चली आ रही राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। इस मुद्दे को बार-बार तराशकर वह न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के स्थानीय असंतोष को अपनी राजनीति में बदलना चाहती हैं, बल्कि बसपा को एक वैकल्पिक अस्तित्व के रूप में भी स्थापित करना चाहती हैं, जिससे दल को ताकत और मान्यता दोनों मिल सकें। जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन होते ही मायावती ने यह दावा किया कि इस परियोजना की रूपरेखा और इसके जरूरी बुनियादी काम उनकी बसपा सरकार के शासनकाल में ही शुरू हो चुके थे। उनका यह दावा बसपा को विकासवादी दल के रूप में पेश करने वाला है, जिससे उत्तर प्रदेश की जनता के सामने यह संदेश जाता है कि बसपा केवल जातिगत मुद्दे उठाने वाली पार्टी नहीं, बल्कि बड़ी परियोजनाओं की सोच भी रखती है। इस तरह वह एयरपोर्ट के नाम पर न केवल अपने शासनकाल की राजनीतिक विरासत जीवित रख रही हैं, बल्कि मौजूदा सरकार और अन्य तीनों बड़े दलोंकृभाजपा, सपा और कंग्रेसकृको विकास कार्यों में देरी और रुकावट का दोषी भी ठहरा रही हैं। इसी कड़ी में वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग बेंच और वहाँ के लिए अलग राज्य बनाने के सपने को दोहरा कर एक नया तर्क बना रही हैं। उनका संदेश स्पष्ट है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो औद्योगिक गलियारों, खजूरी खेतों, और नोएडादृगुरुग्राम जैसे नए शहरों का घर है, आज भी अदालती और प्रशासनिक देरी और निर्णयों की दूरी से जूझ रहा है। इस असंतोष को वह बसपा के पक्ष में मोड़ने की कोशिश कर रही हैं, ताकि वहाँ के छोटे व्यापारी, उद्योगपति, भूमि?मालिक और नव?निर्मित पड़ोस बसपा को अपनी उम्मीद का केंद्र बना सकें, जो पहले शायद भाजपा या सपा की ओर झुके रहे हैं। अलग प्रदेश की मांग को फिर से उठाकर मायावती बसपा के लिए कई तरह के फायदे तैयार करने की कोशिश कर रही हैं। सबसे पहले, यह मुद्दा पार्टी को एक बड़े राज्य-स्तरीय रणनीति के रूप में पेश करता है, न कि केवल जातिगत या विधानसभा-स्तरीय तंत्र के रूप में। उत्तर प्रदेश के विभाजन की चर्चा आज-कल केवल बसपा तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य भर के राजनीतिक गलियारों में भी चल रही है, लेकिन बसपा इसे अपनी राजनीति का केंद्र बनाकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखना चाहती है। इससे पार्टी को एक नई राजनीतिक भाषा भी मिलती है, जिसमें न केवल दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्गों की बात होगी, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के विकास और न्याय की बात भी शामिल होगी। दूसरे, अलग प्रदेश की मांग बसपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जातिगत और सामाजिक समूहों को एक साथ जोड़ने का मौका देती है। यहाँ दलित, ओबीसी, जाट, गुज्जर, राजपूत और अन्य छोटी जातियाँ रहती हैं, जो अक्सर अलग-अलग राजनीतिक दलों के खेमों में बंटी रहती हैं। मायावती की रणनीति यह है कि स्थानीय असंतोष और विकास की मांग को एक दूसरे से जोड़कर बसपा उन सबको एक नए राजनीतिक विकल्प के रूप में पेश करे, जहाँ जाति अलग-अलग नहीं होगी, बल्कि क्षेत्रीय और विकासवादी एजेंडा हावी होगा। ऐसी स्थिति में बसपा न केवल अपनी मूल आधार-जनता को बचाए रख सकती है, बल्कि नए वोट-बैंक भी बना सकती है, जो पहले भाजपा या सपा के पास रहते थे। तीसरा, यह रणनीति बसपा को राजनीतिक रूप से मजबूत विपक्षी दल के रूप में दिखाने में मदद कर सकती है। उत्तर प्रदेश में भाजपा-संचालित राज्य सरकार के दौर में अलग राज्य की मांग से यह संदेश निकलता है कि प्रदेश बड़ा होने के कारण विकास और न्याय दोनों ही धीमे हो रहे हैं। इस दावे को बसपा अपने विकासवादी एजेंडा के साथ जोड़कर यह बताना चाहती है कि अगर वह सत्ता में आई, तो सिर्फ जातिगत आरक्षण और सामाजिक न्याय तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रशासनिक सुधार और भू-राजनीति को भी नए सिरे से सोचेगी। इससे पार्टी की छवि बदल सकती है, जो आज भी कई लोगों को सिर्फ दलित-नेतृत्व पार्टी लगती है, वह धीरे-धीरे एक व्यापक जन-आधार वाली राज्य-स्तरीय राजनीतिक शक्ति के रूप में गिनी जा सकती है। चौथा, अलग प्रदेश की मांग बसपा को मीडिया और जनता के बीच लगातार चर्चा में रहने का अवसर देती है। जब भी राज्य-विभाजन, न्यायपालिका की अलग बेंच या औद्योगिक विकास जैसे विषय आते हैं, बसपा का नाम उस संवाद में जरूरी तौर पर आता है। इससे पार्टी को उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरण में बने रहने की प्रासंगिकता मिलती है, भले ही कभी-कभी चुनावी आंकड़े उसके अनुकूल नहीं हों। मीडिया-समय और चर्चा का यह फायदा बसपा को नए नेताओं को उभारने, युवाओं को जोड़ने और स्थानीय स्तर पर नेता-बनावट की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है।

**जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन होते ही मायावती ने यह दावा किया कि इस परियोजना की रूपरेखा और इसके जरूरी बुनियादी काम उनकी बसपा सरकार के शासनकाल में ही शुरू हो चुके थे। उनका यह दावा बसपा को विकासवादी दल के रूप में पेश करने वाला है, जिससे उत्तर प्रदेश की जनता के सामने यह संदेश जाता है कि बसपा केवल जातिगत मुद्दे उठाने वाली पार्टी नहीं, बल्कि बड़ी परियोजनाओं की सोच भी रखती है। इस तरह वह एयरपोर्ट के नाम पर न केवल अपने शासनकाल की राजनीतिक विरासत जीवित रख रही हैं, बल्कि मौजूदा सरकार और अन्य तीनों बड़े दलोंकृभाजपा, सपा और कंग्रेसकृको विकास कार्यों में देरी और रुकावट का दोषी भी ठहरा रही हैं। इसी कड़ी में वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग बेंच और वहाँ के लिए अलग राज्य बनाने के सपने को दोहरा कर एक नया तर्क बना रही हैं।**

# हिंसा से व्याकुल दुनिया को महावीर का मार्गदर्शन

**महावीर जयंती पर विशेष**

योगेश कुमार गोयल

'अहिंसा परमो धर्मः' का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है। ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है। भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदायी है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वतः समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दुःख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करता है। उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है। उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है। आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुनः जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है। यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

**भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदायी है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है।**

# नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र हुआ वितरित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। आंगनबाड़ी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज उदयन सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित किये गये, साथ ही नवनिर्मित केंद्र भवनों का लोकार्पण एवं स्मार्टफोन वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी, भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 110 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 36 मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। बताया गया कि जनपद की सभी 1775 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे पोषण ट्रैकिंग एवं सरकारी योजनाओं के संचालन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में कमला विश्वकर्मा, आरती देवी एवं आंचल गुप्ता को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में सहायिकाओं पूजा, विमला देवी, नीलम, रीना, आरती देवी, अंजली यादव एवं फिजा नाज को भी नियुक्ति-पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही जनपद में नवनिर्मित 21 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण कर उन्हें जनसेवा के लिए समर्पित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर व भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसियों का हल्ला बोल

बांदा। स्मार्ट मीटर, विद्युत कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ मोर्चा खोलते हुए स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट तले धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। कलक्ट्रेट में पावर कारपोरेशन खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। धरना-प्रदर्शन देते हुए कांग्रेसियों ने राज्यपाल को नामित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ सोमवार को स्वतंत्रता स्मारक अशोक लाट पर धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। कुछ देर धरना देने के बाद जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों का जत्था कलक्ट्रेट पहुंचा। यहां सरकार व विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

# जमीन विवाद और शादी न होने की नाराजगी में एक परिवार को खून खराबे में बदल दिया



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी, महेवाघाट थाना क्षेत्र के अजरौली गांव में पिता की कुल्हाड़ी से हत्या कर दिए जाने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक नथन सरोज की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी कलकुटिया और दो बेटे लवलेश व झुरई को गिरफ्तार किया गया है। घटना के पीछे जमीन का विवाद और शादी न होने की कुंठा मुख्य वजह बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी लवलेश ने बताया कि उसके पिता ने अपनी दूसरी पत्नी और उसके बेटे के नाम जमीन कर दी थी, जबकि उसे और उसके भाई को जमीन नहीं दी गई। जमीन न होने के कारण उसकी शादी नहीं हो पा रही थी, जिससे वह काफी परेशान और नाराज था।

बताया गया कि जब भी शादी के रिश्ते आते, जमीन न होने की वजह से बात आगे नहीं बढ़ती थी। इस बात को लेकर उसने अपने पिता पर कई बार जमीन अपने नाम करने का दबाव बनाया, लेकिन पिता के मना करने पर उसने मां और भाई के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच डाली। घटना के दिन आरोपियों ने कुल्हाड़ी से नथन सरोज की हत्या कर दी और शव को छिपाने के इरादे से करीब 50 मीटर तक खेत में घसीट दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मृतक ने दो शादियां की थीं और दूसरी पत्नी के साथ रह रहा था। पहली पत्नी और उसके बेटों को जमीन न मिलने के कारण परिवार में विवाद चल रहा था, जो अंततः इस जघन्य हत्या में बदल गया। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# श्वेता द्विवेदी ने यूपीएससी में मारी बाजी, 29वीं रैंक हासिल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है, जहां बेलखरनाथ धाम क्षेत्र की बेटी श्वेता द्विवेदी ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) परीक्षा में 29वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

प्रतापगढ़ के पिपरी खालसा गांव की रहने वाली श्वेता द्विवेदी, अधिवक्ता और बार एसोसिएशन पुरातन के उपाध्यक्ष रवि कुमार द्विवेदी की बेटी हैं। रविवार को जैसे ही ठ्घ्ट्टए का परिणाम घोषित हुआ, पूरे परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। श्वेता के पिता जिला मुख्यालय कचहरी में वकालत करते हैं, जबकि उनकी मां संगीता द्विवेदी एक गृहिणी हैं। श्वेता की प्रारंभिक शिक्षा सुशीला देवी कॉन्वेंट स्कूल महुली से हुई। इसके बाद उन्होंने श्रीराम बालिका विद्यालय से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की और एमडीपीजी कॉलेज, प्रतापगढ़ से स्नातक किया। उच्च शिक्षा के लिए श्वेता ने दिल्ली विश्वविद्यालय का रुख किया, जहां उन्होंने हिंदी विषय में एमए किया और वर्ष 2023 में गोल्ड मेडल हासिल किया। खास बात यह है कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के ही UPSC जैसी कठिन परीक्षा में यह सफलता पाई। श्वेता की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनका परिवार बल्कि पूरा पिपरी खालसा गांव गर्व महसूस कर रहा है। उनके चयन से क्षेत्र में जश्न का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। श्वेता द्विवेदी की सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला रखते।

## किशोरी के कथित अपहरण से हड़कंप, पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप

कौशाम्बी। जनपद में एक 17 वर्षीय किशोरी के कथित अपहरण का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है, वहीं पुलिस पर भी तहरीर बदलवाने का आरोप लगाया गया है। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के पांच हजारा गांव की बतायी जा रही है। आरोप है कि विपिन यादव नामक युवक अपने एक साथी के साथ देर रात बाइक से आया और घर के बाहर खड़ी किशोरी को जबरन बैठाकर ले गया। परिजनों के अनुसार किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने करीब दो किलोमीटर दूर युवकों को घेरने की कोशिश की, लेकिन आरोपी किशोरी को छोड़कर मौके से फरार हो गये। पीड़ित पक्ष की ओर से किशोरी के चाचा प्रताप ने सैनी कोतवाली में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस ने उनकी तहरीर में बदलाव कर अपहरण के मामले को गुमशुदगी में दर्ज कर लिया है जबकि घटना स्पष्ट रूप से अपहरण की है। आरोप है कि अभी तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गयी है।

# एनडी कान्वेंट स्कूल भरवारी में भव्य वार्षिकोत्सव एवं परिणाम वितरण समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। एन डी कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं परिणाम वितरण समारोह अत्यंत भव्यता, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहाँ विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक का भी सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं पूजा के साथ हुआ, जिसे मुख्य अतिथि रिद्धि सिद्धि द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की डायरेक्टर सीमा पवार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के फाउंडर देव गुप्ता एवं वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया। रामायण थीम पर आधारित नृत्य-नाटिका ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया, जिसमें बच्चों ने भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चों द्वारा अपनी माताओं के साथ प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। वहीं, कक्षा द्वितीय के एक छात्र के भावपूर्ण गायन ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैशन शो में विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करते हुए ्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क की भावना को साकार किया। इसके अतिरिक्त समूह नृत्य, एकल प्रस्तुतियाँ एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को बांधे रखा।

इस दौरान परिणाम वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर प्रगति पत्र वितरित किये गये। अभिभावकों ने शिक्षकों से संवाद कर बच्चों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई।

अपने संबोधन में चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक श्री संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और संस्कारों के विकास का आधार होता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

वहीं, डायरेक्टर सीमा पवार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। समारोह के अंत में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे यादगार और प्रेरणादायक बताया।

# नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो में उन्नाव के अमित मिश्रा का हुआ सम्मान

- जयपुर के एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में प्रतीक चिन्ह भेंट, बोले—यह सम्मान सभी के स्नेह का परिणाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो में उन्नाव शहर व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमित मिश्रा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की।

अमित मिश्रा ने सम्मान मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि उन्नाव के समस्त व्यापारियों और शुभचिंतकों के स्नेह व सहयोग का परिणाम है।

कार्यक्रम में देशभर से प्रिंटिंग उद्योग से जुड़े उद्यमी और व्यापारी शामिल हुए। इस दौरान नई तकनीकों, आधुनिक मशीनों और व्यापारिक संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

उन्नाव लौटने पर स्थानीय व्यापारियों ने अमित मिश्रा को बधाई दी और इस सम्मान को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

बिछिया(उन्नाव)। क्षेत्र के खंभार खेड़ा गांव स्थित कुंडकेश्वर मंदिर प्रांगण में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव की महिलाएं व पुरुष पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश, आम्र पत्र व गंगाजल रखकर गांव के देवी मंदिरों में भ्रमण कर कथा स्थल पर विश्राम किया। कलश यात्रा में यजमान कमलेश सिंह पोथी पूजन करवा कर सांखो देवी मंदिर, दुर्गा मंदिरके अलावा अन्य देवी मंदिरों में पूजा अर्चनाकी जिससे वातावरण भक्ति मय हो गया । सांयकाल कन्नौज के आचार्य संजय कृष्ण द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश के साथ वेदी पूजन करवा कर कथा शुभारंभ किया आचार्य ने कथा महत्व को बताते हुए कहा कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से भक्त पाप मुक्त हो जाते हैं। यह कथा अधर्म से धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देती है उन्होंने बताया भगवान भाव से प्रसन्न होते हैं उन्हें दिखावा मात्र नहीं होना चाहिए।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को मिली राहत उन्नाव पुलिस ने लौटाए 17 हजार रुपये

- बच्चा गोद दिलाने के नाम पर सोशल मीडिया से हुई थी ठगी, साइबर टीम की तत्परता से पूरी रकम वापस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में उन्नाव पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी 17 हजार रुपये की पूरी धनराशि वापस दिला दी।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली सदर क्षेत्र निवासी सोनी पत्नी इमरान ने 8 अक्टूबर 2025 को ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चा गोद दिलाने के नाम पर उनसे 17,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देश पर चलाए जा रहे साइबर अपराध विरोधी अभियान के तहत कोतवाली सदर की साइबर टीम ने तत्काल जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए 30 मार्च 2026 को पीड़िता की पूरी धनराशि सफलतापूर्वक वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता ने उन्नाव पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा, अपराध निरीक्षक राजेश यादव तथा महिला आरक्षी सोनिया शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संक्षिप्त समाचार

## विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह में बच्चों का उत्साह चरम पर, सम्मान पाकर खिले चेहरे

उन्नाव। सफीपुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमाबाद में विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार एवं अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बना दिया। मंच से बच्चों की प्रतिभा की सराहना की गई और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाध्यापक ज्ञानेंद्र कुशवाहा ने कहा कि ्लविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। संजीव संखवार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ्लमेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, बच्चे निरंतर प्रयास करते रहें।

## जेन कनेक्ट फ़ेस्टा का हुआ रंगारंग कार्यक्रम

उन्नाव। जनपद के निराला ऑडिटोरियम में लीलावती कन्वेंट विद्यालय का जेन - कनेक्ट फ़ेस्टा कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें बच्चों के अभिभावकों को इस कार्यक्रम में जोड़ा गया, नन्हे मुन्ने बच्चों के अभिभावक ने मंच पर आकर अपनी-आप प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उसी कड़ी में लीलावती कन्वेंट विद्यालय के बच्चों ने नवदुर्गा बनकर महिषासुर का वध किया , साथ ही भारत के अलग-अलग राज्यों के गीत संगीत इस परिधान में करवाए गए। छोटे क्लास के बच्चों ने मंच पर फैंसी ड्रेस में भाग लिया जिसमें कोई जज ,कोई नेता,तो कोई वकील बन कर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ आई ए एस शौर्य अरोड़ा एवं डी एस एन महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। संचालक महेंद्र कुमार तिवारी एवं अंजू तिवारी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया, विद्यालय की प्रधानाचार्य सीतू पाण्डेय ने विद्यालय के टॉपर बच्चों को सम्मानित किया , सभी बच्चों को मोमेंटो वितरित किए। कार्यक्रम में जज की भूमिका में डॉ रूद्राणी सिंह, अंजू कटियार, शबनम और नीलम बाजपेई रही। इसके द्वारा अभिभावकों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार की घोषणा की गई। कार्यक्रम का समापन सभी बच्चों को पुरस्कृत कर मोमेंटो व मेडल प्रदान किए गए ।

## गैस संकट पर कांग्रेस ने निकाली सिलेंडर की अर्थी, जताया आक्रोश

कानपुर। शहर में बढ़ती गैस की किल्लत और आम जनता की परेशानियों के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। अध्यक्ष पवन गुप्ता और एआईसीसी सदस्य जे.पी. पाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दादानगर इंडस्ट्रियल एरिया से ममता गैस एजेंसी तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेंडर की अर्थी निकालकर उसका अंतिम संस्कार किया और सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारे लगाए और जनता की परेशानियों को उजागर करते हुए सरकार विरोधी नारेबाजी की।

# मौरावां में दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

- सूर्यपाल सिंह डिग्री कॉलेज में चार मण्डलों के कार्यकर्ताओं के लिए शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर, विधायक अनिल सिंह सहित कई पदाधिकारी रहे मौजूद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव(मौरावां)। पुरवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मौरावां स्थित सूर्यपाल सिंह डिग्री कॉलेज में सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बिछिया, असोहा, मौरावां और हिलौली मण्डल के कार्यकर्ताओं के लिए अलग-अलग प्रशिक्षण शिविरों की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनिल सिंह, पूर्व जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा और जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए विधायक अनिल सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं का वैचारिक रूप से सशक्त होना आवश्यक है और प्रशिक्षण इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यम है। क्षेत्रीय मंत्री विनोद जी, बिपिन मिश्रा और जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन दिनेश गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली और चुनाव प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, रजनीश वर्मा और जिला मंत्री संदीप शुक्ल सक्रिय रहे।

इस अवसर पर चारों मण्डलों के अध्यक्ष–सुनील साहू (बिछिया), मयंक मिश्र (असोहा), विजय गुप्ता (मौरावां) और राम शंकर राजपूत (हिलौली) अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मण्डल कार्यसमिति के सदस्य, शक्तिकेंद्र संयोजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# बालाजी मंदिर में चार दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। श्री बालाजी मंदिर सिविल लाइन्स (निकट पुलिस लाइन) में संकट मोचन श्री बालाजी महाराज का 31वां जन्मोत्सव चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सोमवार 30 मार्च 2026 से प्रारंभ हो रहा है। कार्यक्रम का आयोजन श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है।

आयोजकों के अनुसार पहले दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे से रामचरित मानस पाठ किया जाएगा। मंगलवार 31 मार्च को सायं 5 बजे से राज्याभिषेक कार्यक्रम आयोजित होगा। बुधवार 1 अप्रैल को अखंड हवन, भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन गुरुवार 2 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन होगा, जो प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

उत्तर रेलवे

निविदा समापन तिथि बढाने की सूचना

कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में सामान्य विद्युत वायरिंग, बस ट्रंकिंग एवं उक्त से सम्बंधित अन्य विद्युत कार्य हेतु एन.आई.टी. सं0 विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/180D/2025–26 दिनांक 02.03.2026 द्वारा निविदायें आमंत्रित करने की तिथि को प्रशासनिक कारणों से 06.04.2026 15:00 बजे तक बढाया जाता है।

1068/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कमला देवी हत्याकांड: चार आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के अजान चौकी अंतर्गत बघमरा गांव में शुक्रवार देर रात लाठी-डंडों से पीट-पीटकर की गई कमला देवी की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान भेज दिया है। वहीं मुख्य आरोपी अनुराग गौतम अब भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।



मामले में मृतका की पुत्री शीलम यादव की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। नामजद आरोपियों में अनुराग गौतम के अलावा बसंत कुमार, पंकज, दिनेश और मिश्रीलाल (सभी निवासी बघमरा) शामिल हैं।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मिश्रीलाल, पंकज, दिनेश और बसंत कुमार को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उनका चालान कर दिया गया। थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में गठित टीम में कांस्टेबल संजीव यादव, नीरज यादव, कन्हैया तेजयान, प्रेमशंकर और विपिन कुमार शामिल रहे। गौरतलब है कि पोस्टमार्टम के बाद जब कमला देवी का शव गांव पहुंचा तो आक्रोशित परिजनों ने मुकदमा दर्ज होने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। परिजनों के दबाव के बाद शनिवार देर शाम पुलिस ने शीलम यादव की तहरीर के आधार पर सभी पांच आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 115(2), 191(2), 190/352 के तहत मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद रविवार सुबह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया संपन्न हो सकी परिजनों ने मुख्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा है कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होते, उन्हें न्याय नहीं मिलेगा। वहीं पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायगा।

## नाजायज चाकू के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, हैदराबाद पुलिस की कार्रवाई

अजान खीरी। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हैदराबाद पुलिस ने एक अभियुक्त को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार रविवार 30 मार्च 2026 को ग्राम मढ़िया रोड से अभियुक्त मुनीश सिंह पुत्र अमरपाल सिंह, निवासी ग्राम बघमरा, थाना हैदराबाद को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना हैदराबाद में मु0अ0सं0 90/2026 धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार एवं संजीव कुमार शामिल रहे।

# जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार, 15 हजार से अधिक नकदी व दो बाइक बरामद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हैदराबाद पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मौके से नकदी समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में चल रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को ग्राम अल्लीपुर में छापेमारी की।



मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से पांच लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गिरफ्तार आरोपियों में गुड्डू उर्फ प्रमोद पुत्र श्रीराम निवासी अल्लीपुर, विकाश मिश्रा पुत्र जमुना प्रसाद निवासी घुंसी थाना नीमगांव, प्रमोद पुत्र चेतराम निवासी देवमानिया कला थाना मितौली, भूपेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह निवासी घूमराडीह थाना नीमगांव तथा शिव कुमार पुत्र मजने निवासी अल्लीपुर शामिल हैं तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से ताश की गड्डी (52 पत्ते), फड़ पर रखे 7,720 रुपये तथा जामा तलाशी में प्राप्त 7,400 रुपये सहित कुल 15,120 रुपये नकद, एक फटी प्लास्टिक बोरी और दो मोटरसाइकिलें (बजाज सीटी 100 व अपाचे) बरामद की हैं। इस संबंध में थाना हैदराबाद में मु.अ.सं. 92/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार व बन्टी सागर शामिल रहे।

# झाऊपुर के पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला के ब्लॉक कुंभी गोला अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्रन्ट लन्दनपुर स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय झाऊपुर में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि आलोक जायसवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार वर्मा (पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ) ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा मानव जीवन की आधारशिला है और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

**● छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

कार्यक्रम का संचालन प्रा.शि. संघ के अध्यक्ष विजयपाल वर्मा ने किया। उन्होंने शिक्षा को अनमोल बताते हुए इसे प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने नृत्य, गीत एवं अन्य प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रावेन्द्र कुमार, सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार, नीलम कुमारी मिश्रा, ममता कनौजिया, नीरज अवस्थी, शाहनवाज खान, बेबी वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रियम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गेहूं सत्यापन में देरी से किसान परेशान, भाकियू ''अराजनैतिक ने सीएम को भेजा पत्र

अजान खीरी। जनपद में गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि इस समय गेहूं की कटाई जोरों पर है, लेकिन ऑनलाइन सत्यापन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया समय पर पूरी न होने के कारण किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। इससे किसानों में चिंता और असंतोष बढ़ रहा है। जोसन ने कहा कि जनपद खीरी में 1 अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू होनी है, लेकिन अधिकांश क्रय केंद्रों पर अब तक बोरा, कांटा, तौल मशीन और मजदूरों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में खरीद व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि गेहूं की ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया को तत्काल सुचारु कराया जाए, सभी क्रय केंद्रों पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा संबंधित अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया की सख्त निगरानी के निर्देश दिए जाएं।

# स्थानीय गायकों की भजन संध्या से भक्तिमय हुआ चैती मेला का सांस्कृतिक मंच

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला के ऐतिहासिक चैती मेले के द्वितीय दिवस सांस्कृतिक मंच स्थानीय गायकों की भजन संध्या से पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरे वातावरण में भक्ति रस की धारा बह निकली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. मुन्नूलाल कनौजिया, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पवन श्यामडवाल, सेवानिवृत्त शिक्षक पुत्तूलाल वर्मा, रामश्री विद्यालय के प्रबंधक संजय शुक्ला, इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रामनरेश वर्मा, सेवानिवृत्त वायुसेना सार्जेंट त्रिलोकी नाथ त्रिवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी डी.पी. श्रीवास्तव एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



भजन संध्या की शुरुआत गायक आदेश राजपूत ने गणेश वंदना से की। इसके बाद उन्होंने ‚मेरे लाडले गणेश‛ सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी। गायक अंगद वाली ने ‚तेरा दर तो हकीकत में जन्नत का नजारा है‛ व ‚महादेव यह तेरा रचाया है‛ जैसे भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक अनिल ने ‚जय-जय बजरंगबली हनुमाना‛ तथा ‚यह जो केसरी के लाल‛ भजनों से माहौल को ऊर्जावान बनाया, वहीं दिनेश ने सूफियाना अंदाज में ‚छाप तिलक सब छीनी‛ प्रस्तुत कर सराहना बटोरी।

गायिका अंशिका दीक्षित ने ‚कभी राम बनके कभी श्याम बनके‛ और ‚वृंदावन जाऊंगी सखी री‛ भजनों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। गायक आकाश मिश्रा ने ‚देना है तो दीजिए जनम-जनम का साथ‛ सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी।

इसके अलावा निर्मल राठौर व राहुल कुमार ने भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे आयोजन समिति के अनुसार 31 मार्च को सायं 7 बजे से सांस्कृतिक मंच पर लोक नृत्य एवं लोक गायन की प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

## नहर में मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव, पहचान के प्रयास जारी

धौरहरा खीरी। थाना पढ़ुआ क्षेत्र के ढखेरवा चौराहे के पास उस समय सनसनी फैल गई, जब शारदा सहायक पोषक नहर में एक अज्ञात बुजुर्ग का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। ढखेरवा पुल से लगभग 100 मीटर की दूरी पर मिले शव की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 70 से 72 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। बुजुर्ग सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने हुए थे। उनके गले में काला धागा था, जिसमें लकड़ी का गोल छल्ला पिरोया हुआ था तथा हाथ में कलावा बंधा हुआ मिला। तलाशी के दौरान जेब से चश्मा और तंबाकू की डिब्बी भी बरामद हुई है। प्रथम दृष्टया शव 2 से 3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पानी में रहने के कारण शरीर फूल चुका है, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस हत्या या हादसे—दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। ढखेरवा चौकी और थाना पढ़ुआ पुलिस आसपास के गांवों में संपर्क कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

# केशव भवन में गूँजे सुंदरकांड के स्वर, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

धौरहरा खीरी। नगर पंचायत धौरहरा स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय 'केशव भवन' में सोमवार को भक्ति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित भक्तों ने सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। वातावरण भजनों और जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पाठ के उपरांत विश्व शांति और कल्याण की कामना के साथ विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रांत प्रचारक कौशल जी एवं सह विभाग प्रचारक अविनाश जी का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ।



कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और संघ पदाधिकारियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, निघासन विधायक शशांक वर्मा, जिला बौद्धिक प्रमुख राजीव अवस्थी, नगर संघचालक प्रमोद, खंड संघचालक रमेश, प्रचारक प्रियांशु एवं खंड कार्यवाह विवेक मौजूद रहे। इसके अलावा गोपाल अवस्थी, डॉ. रमारमन, कन्हैया बाजपेयी और बिपिन पांडेय सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## अंतिम संस्कार में आया व्यक्ति नदी में डूबा, पुलिस खोजबीन में लगी

जौनपुर। यूपी के जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के नाव घाट के समीप गोमती नदी के तट पर सोमवार की सुबह अंतिम संस्कार में शामिल होने आया (48) वर्षीय व्यक्ति गोमती नदी में डूब गया।घटना के कई घण्टे बाद तक उसका पता नही चल सका है।पुलिस गोताखोरों की मदद से उसे खोज रही है। क्षेत्र के मुरारपुर हौज गाव निवासी दिलीप चौहान की माता प्रभा देवी (88) का बीमारी से रविवार की देर रात को मौत हो गयी।सोमवार की सुबह करीब आठ बजे शव का अंतिम संस्कार करने के लिए लेकर श्मशान घाट आए।अंतिम संस्कार सम्पन्न होने के बाद लोग नहाने के लिए वहां से कुछ दूर आये। उसी समय नदी में नहाने के लिए गाँव के ही श्यामबहादुर चौहान (48) पुत्र स्वर्गीय लालजी चौहान नदी में उतर गए। वहां गहराई ज्यादा होने से वह पानी में डूबने लगे। जब काफी देर तक पानी से बाहर नही निकले तो लोगो को उनके डूबने का शक हुआ उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी; सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।

# दरसा इस्लामिया स्कूल में शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम, छात्रों में खुशी की लहर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सिंगाही खीरी। कस्बे के मदरसा इस्लामिया स्कूल में परीक्षा परिणाम का वितरण किया गया, जिसमें विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा फल प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अफजल हुसैन ने बताया कि कुल 387 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था और सभी 387 विद्यार्थी सफल रहे।

इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कक्षा आठ के छात्र आयान ने 74.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। आयान का सपना आगे चलकर आईएएस बनकर देश की सेवा करना है। वहीं कक्षा आठ की फिजा ने 74.62 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शाहजेब ने 72.23 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को दिया। विद्यालय के सचिव जैनुल हसन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इस अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण में सबसे अहम बताया।



कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को रिजल्ट के साथ शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद शुएब, डॉ. एनयू खान, तजम्मुल खां, मोहयउद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन गौरी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास, पैसों के लेनदेन में गला काटकर हुई थी हत्या

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी द्वितीय) प्रशांत कुमार सिंह की अदालत ने 17 वर्ष पूर्व पैसों के लेनदेन में गला काटकर हत्या करने के दो आरोपियों को दोष सिद्ध पाते हुए सोमवार को आजीवन कारावास एवं 25-25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार वादी मुकदमा जहूर निवासी हरिहरपुर थाना सुरेरी ने नेवढ़िया थाने में अभियोग पंजीकृत कराया की 30 मार्च 2009 को सुबह 6:00 उसका भाई मैना यह कहकर घर से निकला कि वह जयसिंहपुर अपने साढ़ू सिकंदर के यहां जा रहा है। रात भर वापस न आने पर खोजने पर पता चला कि वह बाबुलनाथ पटेल व अनिल सरोज निवासी जयसिंहपुर के साथ साइकिल से वापस चला गया था बाद में जयसिंहपुर भट्ठा के पास एक लाश मिली जो उसके भाई की थी। उसका भाई पशुओं का व्यापार करता था और बाबुलनाथ तथा अनिल से पैसों के लेनदेन का विवाद था इसी रंजिश में उन लोगों ने मैना की हत्या कर दी।पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप मौर्य के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने हत्यारोपी बाबुलनाथ व अनिल को दोषसिद्ध पाते हुए उक्त दंड से दंडित किया।

### इलाज में लापरवाही से हुई मौत मामले में चिकित्सक गिरफ्तार

बलिया। जिले की कोतवाली पुलिस ने पंद्रह दिन पहले प्रसूता और दो नवजात बच्चियों की मौत के मामले में पूर्वांचल हॉस्पिटल के डॉ. आदित्य सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले एक अन्य मरीज की मौत के मामले में आकाश हॉस्पिटल के एक चिकित्सक को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। बीती 13 जनवरी को एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पूर्वांचल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान डॉक्टर की घोर लापरवाही के कारण उसकी पत्नी और दो नवजात जुड़वा पुत्रियों की मौत गई थी। आरोप है कि तीनों की मौत हो जाने के बावजूद डॉक्टर ने सच्चाई छिपाई और मरीज को मऊ रेफर करने का नाटक किया। इस घटना के सामने आने के बाद काफी बवाल हुआ था। इस गंभीर मामले में शहर कोतवाली में धारा 105 बीएनएस (गैर-इरादतन हत्या) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी ओमवीर सिंह के मुताबिक आरोपित डॉ. आदित्य सिंह को सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के हास्पिटल रोड से एसआई सौरभ कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराध नियंत्रण और जनता को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### साइबर सेल ने धोखाधड़ी की शिकार पीड़िता के खाते में वापस कराए 5 लाख रुपये

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित झूंसी थाने की साइबर सेल की टीम ने सोमवार को धोखाधड़ी की शिकार एक पीड़िता के खाते में पांच लाख रुपये वापस कराए। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने दी। उन्होंने बताया कि झूंसी थाना क्षेत्र के पालीकरनपुर छिबैया गांव निवासी शिवर्तिका ने 17 मार्च 2026 को अपने बैंक खाता से ऑनलाइन साइबर फ्रॉड कर पांच लाख रूपये ट्रांसफर कराए जाने की शिकायत की। इस संबंध में एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही शुरू कीगई। आवेदिका के खाता से कटे 5 लाख रुपये को तत्काल साइबर हेल्प डेस्क थाना झूंसी ने होल्ड कराया दिया। साइबर सेल की पुलिस टीम ने प्रकरणमें कार्यवाही करते हुए आज 30 मार्च को पीड़ित आवेदिका के खाते से ट्रांसफर और होल्ड कराई पूरी धनराशि 5 लाख रुपये वापस खाते करा दिए। अपनी धनराशि वापस पाकर आवेदिका व उनके परिजन का चेहरा खुशी से खिल उठा।

# 265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, स्मार्ट संसाधनों से सशक्त हुए केंद्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जनपद में आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में सोमवार को एक बड़ा कदम उठाया गया। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 1265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, वहीं केंद्रों को स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया गया। कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान 345 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन, 613 केंद्रों को फर्नीचर व प्री-स्कूल किट तथा 16 परियोजना कार्यालयों को आधार पंजीकरण मशीनें उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान राजधानी लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 66 नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों का वर्चुअल लोकार्पण भी देखा गया। अधिकारियों व कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी।



विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों और महिलाओं के पोषण कार्यक्रमों की रीढ़ हैं।

स्मार्टफोन मिलने से योजनाओं की निगरानी, डेटा अपडेट और लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाना आसान होगा।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नवनियुक्त सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कंधों पर समाज के कमजोर वर्गों के पोषण व स्वास्थ्य की अहम जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा से निभाना होगा। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण होगी।



जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने बताया कि जिले की 16 परियोजनाओं में कुल 1406 रिक्त पदों के सापेक्ष 1265 सहायिकाओं का चयन किया गया है।

निधासन परियोजना में सर्वाधिक 172 चयन हुए, जबकि लखीमपुर व ईसानगर परियोजनाओं में क्रमशः 107 और 110 अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिली। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में लखीमपुर खीरी की 9 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र और 20 को स्मार्टफोन भी वितरित किए थे। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के पहले मुकाबले में खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

एजेंसी




मुल्लांपुर। भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है। गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम काफी संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं।सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प भी हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे। पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे। वह एशिया कप और टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके थे।

# लोगों को बात करने दें, मैं अपना हुनर साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं : रहाणे

एजेंसी



मुंबई। अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिये क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिये नहीं। सैतीस वर्ष के रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफ़ेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत के लिये आखिरी बार 2023 में खेले थे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 40 गेंद में 67 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा ,'' लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिये। वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा ,''मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मैं किसी को यह साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं। लोग देख रहे हैं। उन्हें देखने दीजिये और बोलने दीजिये।

उन्होंने कहा ,'' मैं बहुत खुश हूं कि पिछले दो तीन साल में सफ़ेद गेंद के प्रारूप में मेरा खेल बेहतर हुआ है। एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं। लोग बोलते रहेंगे, उन्हें बोलने दीजिये। मैच के बारे में रहाणे ने कहा कि जसप्रीत बुमराह ने आखिर में किफायती स्पैल डाला जिसकी वजह से उनकी टीम अपेक्षित स्कोर नहीं बना सकी। उन्होंने कहा ,'' हम 235 . 240 बनाने की राह पर थे लेकिन बुमराह के दो ओवरों से काफी फर्क पैदा हुआ। इसलिये वह इतना महान गेंदबाज है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान निकी प्रसाद के साथ किया करार

**मुंबई।** भारतीय समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप की खेल शाखा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने भारत की आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 विजेता टीम की कप्तान निकी प्रसाद के साथ करार करने की घोषणा की है। महज़ 20 वर्ष की उम्र में निकी ने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व और लगातार शानदार प्रदर्शन से खुद को भविष्य की एक बड़ी स्टार खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। एक शांत और संयमित लीडर के रूप में निकी ने मात्र नौ वर्ष की आयु में अंडर-16 स्तर पर पदार्पण किया और दो वर्षों के भीतर कर्नाटक की अंडर-19 टीम में जगह बना ली। 13 वर्ष की आयु में पेशेवर क्रिकेट में कदम रखने के बाद उन्होंने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारत को अंडर-19 एशिया कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद मलेशिया में आयोजित वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करते हुए खिताब दिलाया। वह महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करती हैं और पिछले दो सीज़न से इस फ्रेंचाइज़ी का हिस्सा रही हैं, जहां उन्हें उच्च स्तर के क्रिकेट का महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ है। इस करार पर बात करते हुए जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के टैलेंट और ब्रांड कंसल्टिंग प्रमुख हिमांशु शर्मा ने कहा, ल्लनिकी भारतीय क्रिकेट की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनमें कौशल, नेतृत्व और परिपक्वता का बेहतरीन संयोजन है। घरेलू क्रिकेट में पहचान बनाने से लेकर भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने तक उनकी यात्रा बेहद प्रेरणादायक रही है। इतनी कम उम्र में उनका संतुलन और टीम को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें खास बनाती है। हमें विश्वास है कि वह भारतीय महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने की क्षमता रखती हैं और हम उनके आगे के सफर में उनका साथ देने को लेकर उत्साहित हैं। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए निकी प्रसाद ने कहा, ल्लजेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ रही हूं, जिसने विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को लगातार समर्थन और प्रोत्साहन दिया है। युवा प्रतिभाओं पर उनका भरोसा मुझे अपने करियर के अगले चरण के लिए आत्मविश्वास देता है। मैं जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ अपनी नई यात्रा शुरू करने और आने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्साहित हूं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ, निकी को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं, अनुभवी एथलीट मैनेजमेंट का मार्गदर्शन और समग्र करियर समर्थन मिलेगा, जिससे वह मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह अपनी प्रगति जारी रख सकेंगी। यह सहयोग उन्हें जूनियर स्तर की सफलता से सीनियर स्तर पर एक स्थायी और सफल करियर बनाने में मदद करेगा। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ भारत के कुछ सबसे सफल और उभरते क्रिकेटर जुड़े हुए हैं, जैसे जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अक्षर पटेल, अंगक्रिश रघुवंशी और सूर्यांश शेडगे। निकी प्रसाद के जुड़ने से जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता रखने वाली नई पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ियों को पहचानने और उन्हें विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

### रोहित 2.0 अपना दबदबा बनाने के लिये तैयार : कुंबले

मुंबई। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में रोहित शर्मा के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि रोहित का '2.0 अवतार' पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमों के लिये चिंता का सबब रहेगा। 38 वर्ष के रोहित ने 38 गेंद में 78 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। कुंबले ने 'स्टार स्पोटर्स' से कहा ,'' लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2 . 0 अवतार में आ गए हैं। उनकी पारी से साबित हो गया है कि वह फिर से अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे उनके कैरियर के शीर्ष दिनों की याद आ गई। उन्होंने कहा ,'' वरूण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे गेंदबाजों को छक्के लगाना आसान नहीं है लेकिन उसने इसे आसान बना दिया। उसने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और ब्रेक के बाद लौटने पर लय और टाइमिंग हासिल करने में पांच से सात दिन लगते हैं। कुंबले ने कहा ,'' वह शानदार पारी थी। छक्के आसानी से लग रहे थे। इस पारी ने साबित कर दिया कि रोहित का यह अवतार आईपीएल की बाकी टीमों के लिये चिंता का सबब होगा।

### डिजाइन, 'सिक्स सिग्मा' गुणवत्ता मानक पूरे नहीं होने पर ईसीएमएस के तहत भुगतान रोकेंगे : वैष्णव

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि यदि लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करते और 'सिक्स सिग्मा' मानकों को पूरा नहीं करते हैं तो सरकार इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्ज़ा विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत भुगतान रोक सकती है। ईसीएमएस के तहत 7,104 करोड़ रुपये के नए निवेश से जुड़े 29 प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद मंत्री ने आगाह किया कि जो लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करेंगे, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। वैष्णव ने कहा, '' यदि उद्योग की ओर से अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते हैं तो मैं आगे किसी भी भुगतान या नई मंजूरी को रोकने के लिए तैयार हूं। मंत्री ने उच्च गुणवत्ता एवं आत्मनिर्भर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा निर्धारित एकीकृत दृष्टिकोण का पालन नहीं करने पर उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) और उसकी सदस्य कंपनियों की आलोचना भी की। उन्होंने कहा, '' समय के साथ जो कंपनियां डिजाइन में निवेश नहीं करेंगी, उन्हें बाहर कर दिया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें बाहर किया जाए। मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं क्योंकि यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' में विश्वास करते हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, कलपुर्ज़ा डिजाइन और मशीन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

सिडनी, 30 मार्च (भाषा) क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा ,'' क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया ,'' कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10.12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी। पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके। केकेआर ने 25 . 20 करोड़ रूपये में ग्रीन को खरीदा था जो सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने।

# हॉकी इंडिया ने की 31 सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा

- 2026 के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारियों के तहत आयोजित होगा शिविर

एजेंसी




नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 1 से 9 अप्रैल 2026 तक सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की है। यह शिविर आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारियों के मद्देनज़र आयोजित किया जा रहा है। भारतीय टीम हाल ही में एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतने के साथ-साथ एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। ऐसे में यह शिविर टीम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। नए मुख्य कोच सजोर्ड मरिजन के मार्गदर्शन में इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टीम संयोजन तैयार करना, फिटनेस स्तर में सुधार लाना और खेल की रणनीति को और धार देना होगा। भारतीय टीम जून में एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेगी, जिसके बाद अगस्त में विश्व कप और फिर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में होने वाले एशियाई खेल 2026 में भाग लेगी। शिविर को लेकर कोच ने कहा, यह शिविर हमारे लिए एक अहम कदम है। हमारा ध्यान निरंतरता सुधारने, टीम संरचना को मजबूत करने और खिलाड़ियों को शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार करने पर रहेगा। हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है जो बड़े मुकाबलों में दबाव झेलकर बेहतर प्रदर्शन कर सके।

31 सदस्यीय दल- गोलकीपरः सविता, माधुरी किंडो, बिछू देवी खरीबाम, बंसारी सोलंकी। डिफेंडर्सः निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंथलुआंगी, ज्योति, उदिता, शिल्पी डबास। मिडफील्डरः सुशीला चानू पुखरंबम, मनीषा चौहान, वैशणवी विठ्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, इशिका। फॉरवर्डः दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसाल, बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हीना बानो, सोनम, लालरेमसियामी, मुमताज खान, संगीता कुमारी (रिहेब)।

### शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज' चुना

लुसाने। भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैम्पियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजायें नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है। विश्व तीरंदाजी ने कहा ,'' भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की। शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था।

# आरबीआई के नीतिगत हस्तक्षेप के बाद सुधरा रुपया, डॉलर के साथ ही यूरो और पौंड की तुलना में भी आई तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रुपये की लगातार कीमतों को थामने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप करने के बाद इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में आज भारतीय मुद्रा रुपये ने आज शानदार रिकवरी करते हुए 1.22 रुपये की मजबूती के साथ 93.59 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले अभी तक के सबसे निचले स्तर 94.85 रुपये प्रति डॉलर तक गिरने के बाद 94.81 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। आज शुरुआती कारोबार में ही भारतीय मुद्रा सुधर कर 93.55 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गई। इस तरह बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही रुपये ने अभी तक के सबसे



निचले स्तर से 1.30 रुपये की रिकवरी करने में सफलता हासिल की। हालांकि जैसे जैसे कारोबार आगे बढ़ा वैसे-वैसे रुपये की कमजोरी एक बार फिर बढ़ने लगी। सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद रुपया ओपनिंग लेवल से 71 पैसे टूट कर 94.30 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मुद्रा बाजार के अभी तक कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) और यूरो के मुकाबले भी मजबूत प्रदर्शन किया है। सुबह 10:30 बजे तक के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 1.05 रुपये की मजबूती के साथ 125.07 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह सुबह 10:30 बजे तक कारोबार होने के बाद यूरो की तुलना में रुपया 63.97 पैसे की बढ़त के साथ 108.56 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा डॉलर और रुपये के लेनदेन में सट्टेबाजी से जुड़ी गतिविधियों पर रोक लगाने का कदम उठाने तथा डॉलर पर ऑनशोर लॉन्ग पोजीशंस को सीमित कर देने का निर्देश देने की वजह से आज भारतीय मुद्रा रुपये ने शुरुआती कारोबार के दौरान निचले स्तर से शानदार रिकवरी करने में सफलता हासिल की।

### भारत ओएएलपी-11वें दौर में 21 तेल और गैस ब्लॉक की पेशकश करेगा

नयी दिल्ली। भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की खोज के लिए जल्द ही 21 नए क्षेत्रों (ब्लॉक) की नीलामी शुरू करेगा। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने यह जानकारी दी। महानिदेशालय ने अपनी वेबसाइट पर इन 21 क्षेत्रों की सूची जारी कर दी है, जिनमें 12 जमीन पर स्थित क्षेत्र, चार कम गहरे पानी के ब्लॉक, एक गहरा समुद्री क्षेत्र और चार अत्यंत गहरे समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। 'मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति' (ओएएलपी) के 11वें दौर के तहत करीब 80,235 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को तेल-गैस के अन्वेषण के लिए पेश किया जाएगा। डीजीएच ने कहा कि बोली लगाने की अंतिम तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी। विशेष बात यह है कि 11वें दौर की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब पिछले 10वें दौर के लिए बोलियां आनी अभी बाकी हैं।

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क से जुड़ी रोक बढ़ाने पर नहीं बनी सहमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया, लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी। यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि चार दिन की बैठक में व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, 'इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन' पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे। अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।

### देश में बैंक एक सख्त कानूनी और नियामक ढांचे के तहत काम करते हैं: सीतारमण

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि देश में बैंक अपने ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानूनी और नियामक ढांचे के तहत काम करते हैं। उन्होंने यह बात प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। वित्त मंत्री ने बताया कि 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) व्यवस्था और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत बैंकों के लिए ग्राहकों की जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बैंक केवल आवश्यकता के आधार पर ही ग्राहकों का डेटा एकत्र करते हैं और जरूरत पड़ने पर ही इसे अधिकृत एजेंसियों के साथ साझा किया जाता है। सीतारमण ने यह भी स्पष्ट किया कि बैंकिंग क्षेत्र में डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पांच प्रमुख कानून लागू हैं। इनमें भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, बैंकिंग कंपनी अधिनियम, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, क्रेडिट सूचना कंपनी अधिनियम और सार्वजनिक वित्तीय संस्थान अधिनियम शामिल हैं, जिनका पालन सभी बैंकों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी ग्राहक को धोखाधड़ी या बिना अनुमति के डेटा साझा किए जाने की शिकायत होती है, तो वह भारतीय रिज़र्व बैंक या संबंधित प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज करा सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित संस्थाएं जांच कर आवश्यक कार्रवाई करती हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार के



दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,48,210 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,48,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,48,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,48,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,48,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,48,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रदेश मुख्यालय पर राष्ट्रीय प्रस्तावना मीडिया समूह की बैठक सम्पन्न

## पत्रकारिता के वर्तमान परिवेश व मानकों पर हुई गहन चर्चा







राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय प्रस्तावना मीडिया समूह की मार्च माह की मासिक बैठक का आयोजन प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में संपन्न हुआ। बैठक में पत्रकारिता एवं प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े अनुभवी बुद्धिजीवियों ने सहभागिता करते हुए मीडिया के वर्तमान परिदृश्य, चुनौतियों और संभावनाओं पर गहन चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ गरिमामय वातावरण में किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का वरिष्ठता के क्रम में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय प्रस्तावना की स्मारिका का भी लोकार्पण हुआ। बैठक की अध्यक्षता मीडिया समूह के सलाहकार संपादक डॉ. सुशील चंद्र त्रिवेदी 'मधुपेश' ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली सशक्त विधा है। उन्होंने बदलते डिजिटल दौर में मीडिया की जिम्मेदारियों और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक एवं संरक्षक संजीव श्रीवास्तव द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर प्रधान संपादक हरिनाथ सिंह ने निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया को समाज के प्रति अपनी जवाबदेही को सदैव प्राथमिकता देनी चाहिए। बैठक में वक्ताओं ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने, डिजिटल प्लेटफॉर्म को सशक्त बनाने तथा संगठनात्मक ढांचे को जिला एवं ब्लॉक स्तर तक विस्तार देने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में मुख्य रूप से सलाहकार मंडल के सदस्य अभयानंद शुक्ल, राधेश्याम मिश्रा, एसबी सिंह प्रहरी , अनिल कुमार तिवारी, भरत पांडेय, स्टेट हेड विपिन सोनी, कार्यालय की तकनीकी टीम, हरदोई जनपद के ब्यूरो चीफ, तहसील संवाददाता एवं विभिन्न ब्लॉकों के संवाददाता उपस्थित रहे। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रीय प्रस्तावना मीडिया समूह आने वाले समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और जनसरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने नेटवर्क का विस्तार करेगा। साथ ही युवा पत्रकारों को मंच प्रदान कर उन्हें प्रशिक्षित करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन आपसी संवाद और भविष्य की योजनाओं के संकल्प के साथ हुआ। यह बैठक मीडिया समूह के सुदृढ़ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में देखी जा रही है।

# संस्कृति स्पार्क हेक 2026 का शुभारम्भ 31 मार्च से

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय का वार्षिक आयोजन स्पार्क 2026 इस बार पांच दिन तक चलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हेकाथन दो दिन यानी 31 मार्च को बिना रुके एक अप्रैल तक चलेगा। इसमें देश भर के विभिन्न कालेजों के सौ से अधिक टीमें भाग ले रही हैं। दो अप्रैल से विवि के परम्परागत आयोजन होंगे, जिसके अतंर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। सोमवार दोपहर संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पार्क हेक 2026 जो 31 मार्च से एक अप्रैल तक चलेगा, इसमें देश भर के विभिन्न कालेजों की सौ से अधिक टीमें भाग ले रही हैं। हर टीम में चार विद्यार्थी होंगे। उन्होंन बताया कि हेकाथन एक समयबद्ध, सहयोगात्मक प्रतियोगिता है, जहाँ डेवलपर्स, डिज़ाइनर और तकनीक प्रेमी 24-48 घंटों के भीतर किसी विशिष्ट समस्या का तकनीकी समाधान (सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर प्रोटोटाइप) विकसित करने के लिए मिलकर काम करते हैं। यह 'हैक' और 'मैराथन' का मिश्रण है, जिसका उद्देश्य गहन कोडिंग और विचार-मंथन द्वारा रचनात्मक समाधान खोजना है। प्रो. चेट्टी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण आयोजन को सकुशल संचालित करने के लिए 11 कमेटियां बनाई गई हैं, जिन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। हेकाथन के संयोजक डा. पंकज गोस्वामी ने बताया कि 31 मार्च को उद्घाटन समारोह 10 बजे से होगा। हेकाथन 12 बजे से शुरू होगा और एक अप्रैल सुबह 12 बजे तक चलेगा। इसमें कई कम्पनी के सीईओ, औद्योगिक विशेषज्ञ अतिथियों के रूप में भाग लेने आ रहे हैं।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# दक्षिण भारत दौरे पर जाएंगे बीएचयू वैज्ञानिक अजनाला सैनिकों के परिवार का लेंगे सैंपल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के वैज्ञानिकों की टीम जल्द ही दक्षिण भारत के दौरे पर जाएगी। वहां टीम अजनाला (पंजाब) के सैनिकों के परिवारों का डीएनए सैंपल लेंगे। यह जानकारी बीएचयू के जीन विज्ञानी प्रोफ़ेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने दी।

उन्होंने बताया कि जॉर्जिया की क्वीन केटेवन की 400 वर्ष पहले हत्या को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अजनाला के सैनिकों के परिवार से सैंपल लेने के बाद उसका विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा। बीएचयू के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में चल रहे इंडक्शन प्रोग्राम में प्रतिभागी शिक्षकों ने सोमवार को विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग में चल रहे विभिन्न शोध कार्यों तथा प्रयोगशालाओं को देखा। कार्यक्रम की शुरूआत में जीन विज्ञानी प्रोफ़ेसर चौबे ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए सुरिंदर कोच्चर द्वारा किए गए अजनाला मामले पर असाधारण कार्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 में हुई खोदाई में कई अवशेष सामने आए। इन अवशेष की जांच के लिए एक टीम बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में देश के पुरातत्वविदों और जेनेटिक एक्सपर्ट्स की प्रशंसा की थी। कार्यक्रम में डॉ. प्रज्ञा वर्मा ने प्रतिभागियों को व्यक्ति की जीवनशैली को उसके आंतरिक घड़ी के साथ व्यवस्थित करने की उपयोगी विधि समझाई। डॉ. रुद्र कुमार पांडेय ने कोविड-19 महामारी के दौरान ज्ञान लैब द्वारा किए गए व्यापक कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। डॉ. चन्दना बसु (सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर्स, बीएचयू) ने बताया कि फिंगरप्रिंट का निर्माण अंग विकास से जुड़े जीनों द्वारा नियंत्रित होता है, न कि केवल त्वचा की पैटर्निंग से। उन्होंने अपने 2022 में प्रकाशित विश्व-प्रसिद्ध सेल जर्नल के शोध-पत्र का हवाला देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ किए गए जीनोम वाइड एसोसिएशन स्टडी में 43 फिंगरप्रिंट-संबंधित म्युटेशन की पहचान की गई। इनमें ईवीआई 1 जीन के पास स्थित वेरिएंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो अंगों के विकास को प्रभावित कर फिंगरप्रिंट के आकार को निर्धारित करता है। डॉ. बसु बीएचयू की एकमात्र भारतीय वैज्ञानिक थीं जिनका यह शोध सेल में प्रकाशित हुआ था। यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर प्रोफ़ेसर आनंद वर्धन शर्मा ने बताया कि ट्रेनिंग कार्यक्रम 19 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन के रूप में व्याख्यान दे रहे हैं, जिससे उच्च शिक्षा में गुणवत्ता वृद्धि के साथ-साथ शिक्षकों के ज्ञान एवं कौशल का विकास हो रहा है।

# ग्रामीणों ने गांव का नाम बदलने की चर्चाओं पर जताई आपत्ति कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश के उरई में जिला जालौन कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को ग्राम चमारी के दर्जनों ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन के बिना सहमति के गांव का नाम बदलने की कोशिश किए जाने के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि पिछले कुछ समय से गांव का नाम परिवर्तन किए जाने की चर्चाएं ज़ोर पकड़ रही हैं, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनके गांव की एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिससे कोई भी समझौता अस्वीकार्य है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव का नाम हमारी पहचान है। बिना हमारी सहमति के नाम बदलने का कोई भी प्रयास सामूहिक विरोध का सामना करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा इस मामले में स्थानीय लोगों की राय नहीं ली गई, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। इस दौरान ग्रामीणों ने सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गांव का नाम न बदलने की मांग को प्रमुखता से रखा गया। साथ ही, चेतावनी दी गई कि यदि प्रशासन ने एकतरफा फैसला लिया, तो आंदोलन को और तीव्र कर दिया जाएगा। किसी भी निर्णय से पहले ग्रामीणों की आम सभा बुलाकर सहमति लेना अनिवार्य है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि फिलहाल इस मामले में कोई भी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांगें प्रशासन के संज्ञान में हैं। किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले सभी पक्षों की राय ली जाएगी और पारदर्शिता बनाए रखी जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का धरना समाप्त किया। इस दौरान रविकांत, प्रताप सिंह, बबलू प्रदीप कुमार, शशिकांत ठाकुर, मनीष मुन्ना, ऋतक, राम अवतार, रितेश कुमार मौजूद रहे।

# गौ रक्षा के लिए चतुरंगिणी सेना का प्रदेश भर में होगा गठन : महामंडलेश्वर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। आदिशक्ति गौ रक्षा अखाड़ा की ओर से सनातन धर्म एवं राष्ट्रहित के अंतर्गत ऌगौ रक्षा एवं चतुरंगिणी सेना के गठनऴ विषय पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास श्री पीताम्बरेश्वर सरकार धाम में सोमवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी शिवम महाराज (पीठाधीश्वर, श्री पीताम्बरेश्वर सरकार धाम एवं प्रमुख, आदिशक्ति गौ रक्षा अखाड़ा) ने संगठन के विस्तार, उद्देश्यों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चतुरंगिणी सेना का गठन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की प्रेरणा से किया गया है। अब इसका विस्तार प्रदेश के प्रत्येक जनपद में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन सनातन धर्म की रक्षा, गौ संरक्षण और सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करेगा, जिसमें गौ रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। महामंडलेश्वर शिवम महाराज ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में ऌपत्तीपालऴ नियुक्त किए जाएंगे, जिनके साथ 10 सदस्यों की टीम कार्य करेगी। जल्द ही इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। उन्होंने लगभग 2,18,700 सदस्यों की विशाल अक्षौहिणी सेना तैयार करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्ज़ा मिलना चाहिए। ऌहम सभी गौ माता का दूध पीकर बड़े हुए हैं, लेकिन जब उनके संरक्षण की बात आती है तो यह विषय केवल राजनीति तक सीमित रह जाता है। उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि इतने वर्षों बाद भी इस दिशा में ठोस निर्णय क्यों नहीं लिया गया। प्रयागराज में ब्राह्मण बटुकों के साथ हुई घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि प्रशासन की ओर से उचित कार्रवाई न होना और धर्माचार्यों से उनके पद का प्रमाण मांगना निंदनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज धर्मगुरुओं का सम्मान कम हो रहा है, जबकि प्राचीन समय में राजा भी उनके मार्गदर्शन का पालन करते थे। प्रेस वार्ता में शंकराचार्य पद की महत्ता बताते हुए कहा गया कि यह सनातन धर्म का सर्वोच्च आध्यात्मिक पद है, जिसकी परम्परा आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार प्रमुख पीठों से चली आ रही है। उनकी दिनचर्या में ब्रह्म मुहूर्त में जागरण, ध्यान, वेद-उपनिषदों का अध्ययन, पूजा-अनुष्ठान और समाज को मार्गदर्शन शामिल होता है। महामंडलेश्वर शिवम महाराज ने समाज और सरकार से अपील की कि गौ हत्या और गौ उपेक्षा पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा संतों और धर्माचार्यों का सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

# प्रयागराज : पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की विशाल हनुमंत कथा 21 अप्रैल से होगी शुरू

- हिन्दू राष्ट्र का स्वर बनेगा राष्ट्र हनुमंत कथा: डॉ. उदय प्रताप सिंह
- 20 को भव्यता के साथ निकलेगी मंगल कलश यात्रा, 21 को लगेगा बाबा बागेश्वर धाम पीठ का दरबार
- मंगल कलश यात्रा में शामिल होंगे रामायण सीरियल के राम, सीता, लक्ष्मण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा आगामी आयोजित होने वाले बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र शास्त्री की विशाल हनुमंत कथा को लेकर सोमवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन में प्रेस वार्ता किया गया। प्रयाग उत्थान समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 21 से 22 अप्रैल तक बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की विशाल हनुमंत कथा अरैल घाट माघ मेला क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। जो प्रयागराज वासियों के लिए गौरव का क्षण होगा और यह राष्ट्र हनुमंत कथा हिन्दू राष्ट्र का उद्घोष का स्वर बनेगा जो सनातन धर्म के लिए एकत्रीकरण की शक्ति बनेगी। डॉक्टर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि हनुमंत कथा के पूर्व मंगल कलश यात्रा बड़ी दिव्यता और भव्यता के साथ निकाली जाएगी। जिसमें विशेष आकर्षण के रूप में रामानंद सागर कृत रामायण सीरियल के राम सांसद अरुण गोविल, अभिनेत्री सीता दीपिका चिखलिया और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता सुनील लहरी शामिल रहेंगे। मंगल कलश यात्रा में डीजे बैंड, ढोल नगाड़ा, भांगड़ा, वाद्य और मनमोहक झांकियां शामिल रहेंगी। इसके अलावा जिले के सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पाषर्दगण और जिले के प्रमुख व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में माताएं बहनें और पुरुष शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मंगल कलश यात्रा का शुभारम्भ 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज से शुरू होगा जो गऊघाट पुलिस चौकी, मुट्ठीगंज छोटा चौराहा, मुट्ठीगंज बड़ा चौराहा, राम भवन कोठा पार्चा, जीवन ज्योति हॉस्पिटल मार्ग से होते हुए श्री पथरचट्टी रामलीला मैदान में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि कथा के दौरान कथा स्थल परेड ग्राउंड में विशेष रूप से' 21 अप्रैल मंगलवार को कथा स्थल पर बाबा बागेश्वर धाम की पीठ का दरबार लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा के दौरान स्वामी कैलाशानंद महाराज, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी बालकनंद गिरी महाराज, सचिव महानिर्वाणी अखाड़ा स्वामी यमुना पुरी महाराज, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, स्वामी राजेंद्र दास महाराज, स्वामी संतोषाचार्य सतुवा बाबा महाराज, यज्ञ सम्राट स्वामी पागलबाबा महाराज, लेटे हुए हनुमान बंधवा महंत बलवीर गिरी महाराज, कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर महाराज, कथावाचक इंद्रेश महाराज, बालकृष्ण महाराज, कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज, कथा वाचक पुंडरीक गोस्वामी महाराज, कथारस प्रवाहक डॉ अनिरुद्ध महाराज, कथा वाचक नरोत्तम दास महाराज, कथा वाचिका पंडित गौरंगी गौरी, कथा वाचक डॉ श्यामसुंदर पाराशर महाराज, कथावाचक रामजी झगलूर महाराज, स्वामी अभिरामाचार्य महाराज शामिल होंगे और अपना आशीर्वचन देंगे। इसके अलावा भोजपुरी गायक सांसद मनोज तिवारी, भोजपुरी कलाकार सांसद रवि किशन, भोजपुरी स्टार पवन सिंह, पूर्व सांसद एवं भोजपुरी कलाकार दिनेश सिंह यादव निरहुआ, पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह, कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, भाजपा नेता बृजेश सिंह, महाभारत सीरियल में कृष्ण का किरदार निभाने वाले अभिनेता नितीश भारद्वाज, दुर्योधन का किरदार निभाने वाले अभिनेता पुनीत ईस्सर, अर्जुन का किरदार निभाने वाले अभिनेता फिरोज खान, युधिष्ठिर का किरदार निभाने वाले अभिनेता गजेंद्र सिंह, भजन सम्राट कन्हैया मित्तल एवं सुप्रसिद्ध कवियत्री अनामिका जैन अंबर शामिल होंगी।